

दैनिक
# क्षितिज ✌ किरण
त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924
प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना
जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र
प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -297 जबलपुर, बुधवार 25 दिसम्बर 2024 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का करेंगे लोकार्पण 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन और प्रथम किश्त का करेंगे वितरण

## पीएम मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का करेंगे शिलान्यास; अटल का सपना साकार, बुंदेलखंड की बुझेगी प्यास

**पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश को देंगे अनेक सौगातें- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का करेंगे जारी**

भोपाल (आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश के खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी करेंगे। देश को नदी जोड़ो की परिकल्पना देने वाले युगदृष्टा स्व. वाजपेयी की जयंती पर यह मध्यप्रदेश के लिए एक बड़ी सौगात होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी बुधवार को दोपहर 12:10 बजे खजुराहो आयेंगे और दोपहर 2:20 बजे दिल्ली के लिये रवाना होंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल



श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

सिंचाई के साथ पेयजल की सुविधा

प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा इस परियोजना के शिलान्यास के साथ ही स्व. वाजपेयी का नदी जोड़ो का सपना मध्यप्रदेश में मूर्त रूप लेगा। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा।

इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश के खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में स्थापित फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण करेंगे। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है। परियोजना के द्वितीय चरण की 240 मेगावॉट क्षमता के लिये एमपीपीएसीए से आवश्यक सहमति उपरांत चयनित विकासक सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड से अनुबंध हस्ताक्षरित किया जाना प्रस्तावित है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना का वाहन खाई में गिरा, हादसे में गई 5 जवानों की जान



राजौरी (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना का वाहन 300-350 फीट गहरी खाई में गिरने से पांच सैनिकों की मौत हो गई और पांच घायल हुए। दुर्घटना घरोआ इलाके में बनोई की ओर जाते वक्त हुई। बचाव और राहत अभियान जारी है।

मंगलवार शाम पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक वाहन के सड़क से उतर जाने से चालक सहित लगभग 10 सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि पुंछ सेक्टर में सेना की एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 जवानों की जान चली गई। बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों को चिकित्सा देखभाल मिल रही है। पुलिस ने कहा कि आज लगभग 17:40 बजे (शाम 5.40 बजे), 11 मराठा लाइट इन्फैंट्री का एक सेना वाहन, जो एलओसी पर नीलम मुख्यालय से बलनोई घोड़ा पोस्ट की ओर जा रहा था, घोड़ा पोस्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि वाहन करीब 150 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिससे चालक समेत 10 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।

11 मराठा लाइट इन्फैंट्री की एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) और मनकोट से एक पुलिस पार्टी घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। क्षेत्र के ऊबड़-खाबड़ और पहाड़ी इलाकों को देखते हुए जम्मू-कश्मीर में यातायात दुर्घटनाएँ असामान्य नहीं हैं, जिनमें कार और अन्य वाहन घाटियों में गिर जाते हैं। 15 दिसंबर को गुरेज़ में जादिकुशी-गुरेज़ सड़क पर वाहन फिसलने से सेना के दो जवान घायल हो गए थे। सितंबर में सुकराला माता आश्रम रोड पर एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से एक सैनिक की भी मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

## भोपाल में दो समुदायों के बीच झड़प-पथराव, लहराई गईं तलवारें भारी पुलिस बल तैनात



भोपाल (आरएनएस) मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार को दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। मामला जहांगीराबाद की पुरानी गल्ला मंडी का है। जानकारी के मुताबिक, दो दिन पहले दो लोगों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें अब दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से पत्थर बरसाए गए। एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें लोग लाठियों और तलवारों के साथ नजर आ रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी पहुंचे और हालात काबू में किए। अभी स्थिति सामान्य है और भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर विवाद की जड़ में क्या है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। थाना प्रभारी आशीष उपाध्याय ने बताया कि दो दिन पहले दोनों पक्षों के युवकों के बीच मारपीट हुई थी। उसका बदला लेने के लिए मंगलवार सुबह एक पक्ष ने एकजुट होकर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया।

## धर्म का असली मतलब न जानने से दुनिया भर में होती है धार्मिक हिंसा- आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत



अमरावती.(आरएनएस)। धर्म का सही अर्थ न जानने के कारण ही आज दुनिया में धर्म के नाम पर उत्पीडन् और अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं, यह बात आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कही है. महाराष्ट्र के अमरावती में महानुभाव आश्रम के शताब्दी समारोह में बोलते हुए भागवत ने कहा, धर्म अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे सही तरीके से समझाने की आवश्यकता है. क्योंकि सही तरीके से धर्म के बारे में न बताने पर और धर्म के बारे में अधूरा ज्ञान हमें अधर्म की ओर ले जाता है. आज दुनिया भर में धर्म के नाम पर हो रहे उत्पीडन् और अत्याचार के पीछे धर्म की गलतफहमी और उसका अर्थ न जानना ही कारण है. साथ ही, धर्म हमेशा रहेगा और सब कुछ उसी के अनुसार चलेगा.

## अटल जी के नदी जोड़ो स्वप्न से मिली जनगण को सौगात

**डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश**

उजियारे में, अंधकार में, कल-कछार में, बीच धार में,
क्षणिक जीत में दीर्घ हार में, जीवन के शत-शत आकर्षक,
अरमानों को ढलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा।।

कदम मिलाकर चलने का उद्घोष करने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 100वीं जयंती है। भारत निर्माण के दृष्टा श्रद्धेय श्री अटल जी को शत-शत नमन।

श्रद्धेय अटल जी ने संघ के स्वयंसेवक से लेकर राष्ट्रधर्म के संपादक, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के दायित्वों के बीच कार्यकर्ताओं की पीढ़ियां निर्मित कीं। व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना के सभी पक्षों ने देश को आधार प्रदान किया। धरती को सुजलाम् सुफलाम् करने और समृद्धि के नये आयाम स्थापित करने के लिये श्रद्धेय अटल जी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना की थी। उन्होंने देशभर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जलराशि के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था।उनका सपना था, देशभर की नदियां आपस में जुड़ें और जल की एक-एक बूंद का उपयोग समाज और राष्ट्र के लिये हो। श्रद्धेय अटल जी 100वीं जयंती पर आज मध्यप्रदेश में केन-बेतवा से विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना द्वारा जल सुरक्षा का स्थायी समाधान करने की दिशा में महती कदम उठाया जा रहा है। मुझे यह बताते हुये प्रसन्नता है कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और वर्तमान पीढ़ी के भागीरथ श्री नरेन्द्र मोदी जी खजुराहो में देश की पहली, महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ श्रद्धेय अटल जी का नदियों को आपस में जोड़ने का संकल्प और समृद्धि का सपना मूर्तरूप लेगा।मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, सैकड़ों नदियों की विपुल जलराशि से समृद्ध है। प्रदेश की नदियों के आशीर्वाद से यह बहुउद्देशीय परियोजना बुंदेलखंड की जीवन रेखा साबित होगी।

यह परियोजना छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर विकसित की जा रही है। इसमें पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचाई एवं 2.13 किलोमीटर लंबाई के दौधन बांध एवं 2 टनल का निर्माण होगा। बांध में 2 हजार 853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जायेगा। इसमें दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया के लगभग 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी और लगभग 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी और 103 मेगावॉट जल विद्युत एवं 27 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। इसका लाभ संपूर्ण मध्यप्रदेश को मिलेगा। केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत तक



सिंचाई के लिये पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली, कृषि, उद्योग और पेयजल के लिये भरपूर पानी उपलब्ध होगा। खेत को पानी मिलने से फसलों का अमृत बरसेगा। किसानों के जीवन में खुशहाली आयेगी और बुंदेलखंड की तस्वीर तथा तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से खेती-किसानी, उद्योग, व्यवसाय और पर्यटन को गति मिलेगी जिससे पलायन रुकेगा और नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा। जलराशि की विपुलता के साथ बाढ़ तथा सूखा, दोनों समस्याओं का समाधान होगा। हमारा संकल्प है विरासत के साथ विकास। इसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुएपरियोजना में ऐतिहासिक चंदेलकालीन 42 तालाबों को सहेजने का कार्य किया जायेगा।यह तालाब वर्षाकाल में जल से भर जायेंगे। इससे धरती का जल स्तर बढ़ेगा जिसका लाभ लोगों को मिलेगा।

मध्यप्रदेश कृषि बाहुल्य प्रदेश है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य है। मुझे विश्वास है कि केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से हम इस लक्ष्य को पूर्ण करने में सफल होंगे और बुंदेलखंड की प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। इसी विश्वास के साथ मैंने बुंदेलखंड के किसानों से यह आग्रह किया था कि यहां के सूखे का तोड़ निकल जायेगा, किसी भी हाल में अपनी जमीन मत बेचना। मुझे खुशी है कि मेरा वह विश्वास सही साबित हुआ।

यह हमारे लिये प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश, इस समय जनकल्याण पर्व मना रहा है। अटल जी के 100वीं जयंती पर त्रिपक्षीय अनुबंध से केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की सौगात प्रदेशवासियों को मिलना अद्भुत संयोग है। मुझे बताते हुए हर्ष है कि कुछ दिनों पूर्व हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना की सौगात दी थी। इस परियोजना में 21 बांध, बैराज निर्मित किये जाएंगे। परियोजना से प्रदेश के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। एक साथ प्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाना ऐतिहासिक अवसर है। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इतिहास में बुंदेलखंड शौर्य, पराक्रम, वीरता और बलिदान का प्रतीक है। वीरों की भूमि बुंदेलखंड अब नदी परियोजना से विकास की भूमि के रूप में जानी जायेगी। मुझे बताते



हुये आनंद है कि आज ही के दिन प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रीन ऊर्जा के प्रति किये गये प्रयास धरातल पर उतरने वाले हैं। पुण्य सलिला मां नर्मदा पर विकसित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है। लोकतंत्र की प्रथम इकाई, ग्राम पंचायत से आरंभ होती है। अटल जी ने गांव को सुशासित और सशक्त बनाने का अभियान चलाया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने, श्रद्धेय अटलजी के स्वप्न को साकार करने के लिये गांव को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, समृद्ध और सुशासित बनाने का संकल्प लिया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत का अपना भवन हो, इसके लिये प्रधानमंत्री आज मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे। श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जन्म जयंती पर आज शुरू होने वाली ऐतिहासिक परियोजनाओं और कार्यों से प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड जलशक्ति से संपन्न हो जायेगा और किसान समृद्ध होंगे। इससे समूचे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी और युवाओं को नौकरी के लिये पलायन नहीं करना पड़ेगा। सौभाग्य से यह सब संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार से। हमारी सरकार ने पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगों को छोटे शहरों तक पहुंचाने का नवाचार किया है। यह कार्य और आगे बढ़ेगा।मध्यप्रदेश प्रगति और उन्नति का नया इतिहास रच कर अग्रणी राज्य के रूप में आकार लेगा। राष्ट्र दृष्टा श्रद्धेय अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को जहां अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया, वहीं भविष्य के लिये नदी जोड़ो परियोजनाओं की संकल्पना से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। उसी पर चलकर मध्यप्रदेश समृद्धि, विकास, निर्माण और खुशहाली का नया अध्याय रचेगा।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, श्रद्धेय अटल जी के संकल्प को पूरा करने खजुराहो आ रहे हैं। मेरा प्रदेशवासियों से आग्रह है कि आप भी हरी-भरी वसुंधरा के लिये होने वाले इस अनुष्ठान में शामिल होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें।

श्रद्धेय अटल जी के जन्म के 100वें वर्ष में देश में पहली बार मध्यप्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को साकार करने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी को संपूर्ण राष्ट्र की आदरांजलि है।

## पीयूसी वैन को बदमाशों ने किया आग के हवाले

**शहपुरा टोला नाका पर घटना**



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर स्थित शहपुरा टोल नाका पर उस वक्त सनसनी फैल गई. जब कुछ बदमाशों ने टोला नाका के पास खड़ी पीयूसी वैन को आग के हवाले कर दिया. धू-धू कर जल रही वेन का एक वीडियो भी वायरल हुआ है. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है. पुलिस के अनुसार शहपुरा टोलनाका के पास एक पीयूसी वेन खड़ी रही. इस दौरान 5-6 बदमाश आए, जिन्होने पेट्रोल डालकर पीयूसी में आग लगा दी. आग देख राह चलते लोग कुछ समझ पाते इससे पहले आग ने विकराल रुप धारण कर लिया. वेन में लगी आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगी. इस बीच कुछ लोगों ने आग पर काबू पाने पानी भी फें का लेकिन आग बढ़ती ही जा रही थी. खबर मिलते ही फायर बिग्रेड पहुंच गई, जिसने आग पर काबू पा लिया. पीयूसी वेन में आग लगने की खबर पाते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे. जिन्होने पूछताछ के बाद आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है. वेन के मालिक साहिल पटेल का कहना है कि आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों में से एक को वह जानता है. आगजनी की घटना में करीब सात लाख रुपए की क्षति होना बताई जा रही है.



## दिल्ली के सब्जी मार्केट पहुंचे राहुल, बोले 40 का लहसुन 400 रुपए किलो बिक रहा, महंगाई से परेशान है जनता

नई दिल्ली.(आरएनएस)। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दिल्ली की सब्जी मंडी पहुंचे. यहां पर राहुल गांधी ने कुछ महिलाओं से बातचीत करते हुए केंद्र की नीतियों की आलोचना की. उन्होने कहा कि 40 रुपए किलो बिकने वाला लहसुन 400 रुपए हो गया है. जनता महंगाई से परेशान है और केंद्र सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है. राहुल गांधी ने आगे कहा कि आम जनता को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे-छोटे सामानों पर समझौता करना पड़ रहा है. इस पर राहुल के साथ खड़ी एक महिला ने कहा कि सोना सस्ता हो गया लेकिन लहसुन महंगा है. राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले मैं एक सब्जी बाजार गया था. ग्राहकों के साथ खरीदारी करते वक्त मैंने उनसे यह जानने की कोशिश की कि आम लोगों का बजट कैसे बिगड़ रहा है और महंगाई ने कैसे सभी को परेशान किया है.

## फायरिंग से दहला गंगासागर क्षेत्र, मची अफरातफरी-भगदड़

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर स्थित एकता चौक गंगासागर गढ़ा में उस वक्त भगदड़ व अफरातफरी मच गई. जब दो पहिया से आए बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते मनीष रैकवार नामक युवक पर फायरिंग कर दी. फायरिंग से मनीष उसके साथियों सहित अन्य लोग अपनी जान बचाने के लिए भाग गए. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है. पुलिस के अनुसार गंगासागर गढ़ा निवासी मनीष रैकवार एकता चौक पर फुल्की का ठेला लगाता है. बीती रात 11 बजे के लगभग दुकान बंद करके अपने दोस्त दीपक पटेल, दिनेश यादव व नीलेश यादव के साथ खड़ा बातचीत कर रहा था. इस दौरान दीपेश तिवारी अपने साथियों के साथ दो पहिया से पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा. मनीष ने गाली बकने से मना किया तो दीपेश ने पिस्टल निकालकर फायर कर दिया, मनीष व उसके साथ बाल-बाल मच गए. इसके बाद जान बचाकर वहां से भागे तो दीपेश ने पीछा करते हुए फायरिंग शुरु कर दी.

गोलियां चलने की आवाज सुनकर आसपास टहल रहे लोगों में भगदड़ व अफरातफरी मच गई. यहां तक कि लोग अपने घरों से बाहर निकल कर देखने लगे.

अचानक की गई फायरिंग से एकता चौक क्षेत्र में दहशत व्याप्त रही. पुलिस ने मनीष रैकवार की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को पकडने् के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरु कर दिया है.

जबलपुर.- थाना गढ़ा मे अक्षय यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सैनिक सोसायटी पचास क्वाटर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 23-12-24 की रात लगभग 9 बजे कल्लू चाय वाले के पास प्रेमनगर में खड़ा था तभी विक्की उर्फ विपिन ठाकुर निवासी एलआईसी कालोनी गढ़ा का आया और उससे शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगा,




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेडाघाट में शाम प्रकाश कोल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम तेवर ने सूचना दी कि उसका बड़ा भाई प्रीतम कोल उम्र 36 वर्ष जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था घर पर अकेला रहता था जो दिन से घर के बाहर नहीं दिखा था आज दोपहर लगभग 3 बजे जाकर देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था झांककर देखा बड़ा भाई प्रीतम कोल अपने कमरे में रस्सी से गले मे फंदा लगाकर लोहे के पाईप से लटका हुआ था जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### निगमायुक्त ने संभाग क्रमांक 2 और 13 के वार्डो का किया आकस्मिक निरीक्षण

# बताएँ कहाँ कितने कर्मचारी लगे हैं, बीटों पर 6 बजे सफाई संरक्षकों कि कराएँ तैनाती - निगमायुक्त प्रीति यादव

**सफाई संरक्षकां की उपस्थिति चेक की और मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को हिदायत दी कि कर्मचारियों की उपस्थिति 100 प्रतिशत हो, अन्यथा कार्यवाही के लिए रहें तैयार**

जबलपुर। शहर की सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार लाने तथा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में अव्वल स्थान प्राप्त करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार प्रयास कर रही हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत् आज अचानक संभाग क्रमांक 2 कछपुरा और 13 मुख्यालय के वार्डो में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुँची, जहाँ निगमायुक्त श्रीमती यादव ने मुख्य स्वच्छता निरीक्षकां से पूछा बताएँ कहा कितने कर्मचारी लगे हैं, बीटवार सफाई संरक्षकों की जानकारी दें। निगमायुक्त ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सफाई संरक्षकों की उपस्थिति मस्टर भी बारीकि से चेक की और बीटवार सफाई संरक्षकों की तैनाती भी खुद जाकर देखी। उन्होंने मुख्य स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किया कि प्रात: 06 बजे से ही सफाई संरक्षक अपने



अपने निर्धारित बीटों पर जाकर सफाई कार्य में लगे, यह व्यवस्था प्रतिदिन सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सुनिश्चित कराएँ। निगमायुक्त ने यह भी हिदायत दी कि यदि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बीटों पर सफाई संरक्षक निर्धारित समय पर काम करते नहीं पाए गये तो सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड सुपरवाईजर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने आज संभाग क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 2 और संभाग क्रमांक 13 के वार्ड क्रमांक 32 का निरीक्षण किया और कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की। इस मौके पर उन्होंने स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि कर्मचारियों की उपस्थिति 100 प्रतिशत सुनिश्चित कराएँ और समय का भी ध्यान रखें।

निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि सभी लोग अपने अपने संभागों के अंतर्गत निर्धारित बीटों पर निर्धारित समय के हिसाब से सफाई संरक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएँ और सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाएँ। निगमायुक्त ने बताया कि उनके द्वारा लगातार आकस्मिक रूप से वार्डो का निरीक्षण किया जायेगा और जहाँ भी समय पर कर्मचारी काम करते नहीं पाए जायेगें उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के समय मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड सुपरवाईजर आदि उपस्थित रहे।

# भाई के शव को लिए मेडिकल कैजल्टी के बाहर रोता रहा प्रमोद

विनोद बेंजमीन मृतक उम्र 19 वर्ष पिता स्व दुर्गा बेंजमीन माँ स्व मुन्नी बेंजमीन प्रमोद बेंजमीन निवासी फुटपाथ निवासी घमापुर जबलपुर ..सड़क के फुटपाथ मै दोनों भाई कई वर्षो से माता पिता के निधन के बाद सड़क मै पनी लगाकर रहते थे माता पिता का निधन 18वर्ष पहले हो गया था कबाड़ का काम सड़को मै घूम कर किया करते थे कई दिन से प्रमोद बीमार था

विनोद 21 वर्ष जैसे तैसे मेडिकल लाया जहाँ डॉटीम ने मृत घोषित कर दिया गया.. बच्चा बाहर मेडिकल मार्केट मै मदद मांगने निकल पड़ा जिसकी सूचना मोक्ष आशीष ठाकुर को दी गई विनोद स्टेचर मै शव लिए मोक्ष आश्रय मै जाकर बिलखने लगा जिसको मोक्ष आश्रय मै रहने वाले बुजुर्गो ने हिम्मत देते हुये उसे बैठाला और आशीष ठाकुर के निर्देश पर मोक्ष टीम द्वारा मृतक के शव का अंतिम संस्कार तिलवारा घाट मै कराया गया. मृतक का भाई रोता रहा माँ बाप भी ऐसे ही फुटपाथ पर मर गए और भाई भी ईलाज के बिना मर गया डॉ ने पूछा आयुष्मान कार्ड हो तो ईलाज संभव जो नहीं था ज़ब भी अस्पताल लेकर गया बापस आ जाता था हालत बिगडी तो लाया मेडिकल अस्पताल.. फुटपाथ पर पैदा हुए फुटपाथ पर मौत.. मोक्ष ने निभाया धर्म दिया सहारा विनोद को करेंगे मदद..

सहयोगी रहे उपस्थित आकाश कोरी नीरज



मिश्रा प्रशांत निषाद नीरज शर्मा तेज प्रताप केशव जी शुभम सोनी निशांत पटेल बिटू कोरी अमन पटेल सैलू पटेल व सदस्य और वही अंधमुख बाईपास से लावारिस महिला को मोक्ष आश्रय मै देर रात लाया गया सड़क किनारे पड़ी रही बुजुर्ग नहीं पहुंचते तो हो जाती हादसे की शिकार माँ.

# आईजी रेलवे सुरक्षा बल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक

जबलपुर। पश्चिम मध्?य रेलवे में अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा स्थिति में सुधार को लेकर 23 दिसम्बर 2024 को अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्?य सुरक्षा आयुक्?त द्वारा तीनों मंडलों में तैनात निरीक्षक (इंस्पेक्टर) अपराध खुफिया शाखा एवं विशेष खुफिया शाखा के बल सदस्?यों के साथ की गई।

वर्ष 2024 में किये गये कार्यो की समीक्षा की गई एवं जिन मदों पर कमी पायी गई उनमें सुधार करने के निर्देश दिये गये। बैठक में यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि रेलवे के सभी क्षेत्रों में अपराधी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और तेजी से कार्रवाई की जाए। बैठक में विभिन्न सुरक्षा पहलुओं, जैसे कि रेलवे सम्?पत्ति की सुरक्षा, चोरी गई रेल सम्?पत्ति की बरामदगी, मानव तस्?करी की रोकथाम, ट्रेनों में चोरी, टिकट दलालों पर ठोस कार्यवाही, अवैध हॉकर वैंडर पर कार्यवाही और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

बैठक के दौरान रेलवे ट्रेनों और स्टेशनों पर बढ़ते अपराधों के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा की गई। अपराधों की रोकथाम के लिए, सीसीटीवी कैमरो की मदद से निगरानी बढ़ाने, खुफिया जानकारी एकत्रित करने और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षात्मक उपायों को और मजबूत करने हेतु आवश्?यक दिशा निर्देश जारी कि?ये। इसके अलावा, यात्रियों के साथ बेहतर संवाद और सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने की बात भी की गई।

अधिकारियों ने इस बैठक के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के समन्वय से अपराधों पर नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई।

# डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की मध्यप्रदेश में स्थापित सभी प्रतिमाओं का भगवान के रूप में पूजन-अर्चन और आरती की जायेगी।

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संसद में भारत के गृहमंत्री भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित शाह के द्वारा विश्व में दलितों के उत्थान और कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के संबंध में अपमान जनक टिप्पणी करने के विरोध में देश व मध्यप्रदेश में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर हमारे लिए भगवान ही हैं, यह संकल्प इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने लिया है और देश और मध्यप्रदेश में जितनी भी प्रतिमाएं स्थापित है। उन प्रतिमाओं को भगवान स्वरूप मानकर उनका पूजन अर्चन कर प्रसाद चढ़ाया जायेगा। और उस प्रसाद का वितरण समस्त दलित भाईयों के साथ ही समाज के सभी वर्गों को वितरित किया जायेगा। यह विचार पंडित पुरूषोत्तम तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने व्यक्त किये। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की घोषणा को अमल में आज से ही लागू कर दिया गया। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी कटंगी मंझोली

**मंझोली जबलपुर से पूजा प्रारंभ की गई - इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी**




विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया ने अपनी विधानसभा क्षेत्र मंझोली के हरदौल मोहल्ला बचैया रोड, मंझोली में स्थापित डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर अपने दलित भाईयों एवं इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ प्रतिमा का भगवान का स्वरूप मानते हुए। माल्यार्पण किया एवं पूजा अर्चना की नारियल एवं प्रसाद चढ़ाकर डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर को नमन किया। इस अवसर पर लीलाधर झारिया ने संबोंधित करते हुए। कहा कि दलितों के मसीहा का अपमान का बदला हम लेकर रहेंगे। डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर हम सब के लिए भगवान हैं और हमको स्वाभिमान से जीने के लिए हमको नया जीवन दर्शन दिया है। हम और हमारी आने वाली सभी पीढ़ियां अपने आप का बलिदान कर दें तो भी हम उनके किये गये कार्यों से उनके एहसानों का बदला कभी चुका नही सकते हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी को यह समझना चाहिये की विश्व में जब तक बाबा साहेब एक-एक अनुयायी जिन्दा रहेगा। जब तक भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेते हैं। और भारतीय जनता पार्टी के घमण्ड को संसद से सड़क पर ला देगें तब तक हम चैन से नही बैठेंगे। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष शेख मंजूर, ओ.पी.बिल्थरिया जिलाध्यक्ष जबलपुर, बलराम श्रीवास्तव महामंत्री जबलपुर, राहुल वर्मा संगठन मंत्री जबलपुर, विजय पटैल, संजय झारिया, मोनू रैकवार, धमेन्द्र चैधरी सहित मंझोली के दलित भाई-बहिन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 146
2024-2025 दिनांक 23/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्री अरविंद गोंटिया, पिता- रवि गोंटिया, 2. श्रीमती वंदना गोंटिया, पति- अरविंद गोंटिया** ने खसरा नं. 299/2/1 का भाग पी.नं.- सी-4, संपत्ति कर/ पिन नं. 2000128192 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती बिन्नू बाई यादव, पति- श्री रामनाथ यादव, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 3500 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 855 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 147
2024-2025 दिनांक 23/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्री सुमित कनौजिया, पिता- रमेश कनौजिया, 2. श्रीमती मनोरमा रजक, पति- श्री सुमित कनौजिया,** ने खसरा नं. 299/2/19/1/1/1 का भाग पी.नं.- सी-1, संपत्ति कर/ पिन नं. 2000128192 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती बिन्नू बाई यादव, पति- श्री रामनाथ यादव, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 3500 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 962 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 145
2024-2025 दिनांक 23/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती संगीता सूर्यवंशी, पति- श्री अभिरन सिंह सूर्यवंशी** ने खसरा नं. 299/2/19/1/1/1 का भाग पी- 5, संपत्ति कर/ पिन नं. 2000128192 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती बिन्नू बाई यादव, पति- श्री रामनाथ यादव, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 3500 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 840 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/188 दिनांक 24.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गुलाम मुस्तफा एवं श्री गुलाम मुर्तुजा, पिता- श्री अब्दुल फारूख** ने मकान नं. खसरा नं. 226/2/44/1 , **वार्ड चितरजंन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 1170 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 313 दिनांक 24.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री संजीव गुप्ता, पिता- श्री उमेश चन्द गुप्ता,** ने मकान नं. 64/1, सम्पत्ति पिन नं. 1000500090, **वार्ड वीर सावरकर वार्ड** , क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1665 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 312 दिनांक 24.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती मेघा मिश्रा, पति- श्री प्रियांशु मिश्रा** ने मकान नं. ब्लाक नं. 02, सम्पत्ति पिन नं. 1003017890, **वार्ड विवेकानंद वार्ड** , भूतल 372 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 311 दिनांक 24.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री राजीव सहदेव, पिता- श्री कमल नेत्र सहदेव, 2. श्रीमती कविता सहदेव, पति- श्री राजीव सहदेव** ने मकान नं. 2380/1, सम्पत्ति पिन नं. 1000493092, **वार्ड मदन महल वार्ड** , क्षेत्रफल 1600 व.फु., भूतल 1250 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/227
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000621407** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सरदार गुरूवचन सिंह सैनी** के स्थान पर आवेदक **श्री अमरदीप सिंह सैनी, पिता स्व. श्री जी.एस.सैनी** ने **मकान नं. 902/3 वार्ड क्र.-.10** , .......... **वार्ड,** क्षेत्रफल 1850 व.फु.,भूतल 1464 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, हकत्याग पत्र, मुख्तारनामा, टेक्स रसीदें** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/226
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000621675** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री दिलीप सिंह ठाकुर/ श्री नन्हे सिंह जी ठाकुर** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती सविता ठाकुर, पति- स्व. श्री दिलीप सिंह ठाकुर एवं संजय सिंह ठाकुर एवं दिप्ती सिंह ठाकुर दोनों के पिता- स्व. श्री दिलीप सिंह ठाकुर** ने **मकान नं. 1351 वार्ड क्र.-.10** , .......... **वार्ड,** भूतल 1350 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/229
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000620954** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री हरमहेन्दर सिंह, पिता संतोख सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्री गुरूमती सिंह पिता- स्व. श्री हरमहेन्दर सिंह** ने **मकान नं. 508/1 वार्ड क्र.-.10** , .......... **वार्ड,** क्षेत्रफल 1300 व.फु., भूतल 700 व.फु., प्रथमतल 270 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, खसरा की प्रति, आधार कार्ड,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/228
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000504934** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती रीता गुलाटी, पति श्री भारत भूषण गुलाटी एवं रूचि,निधि, राधिका गुलाटी** के स्थान पर आवेदक **श्री रोहित परसाई, पिता- श्री महेन्द्र परसाई** ने **मकान नं. 667/ दुकान नं. 06 वार्ड क्र.-.14** , .......... **वार्ड,** भूतल 249 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/231
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000507013** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री मनोज सचदेवा, पिता श्री गोविन्द राम सचदेवा,** के स्थान पर आवेदक **श्री वैभव सचदेवा, एवं वैष्णवी सचदेवा दोनों के पिता स्व. श्री मनोज सचदेवा,** ने **मकान नं. 146/1 वार्ड क्र.-.......** , **जार्ज डिसिल्वा वार्ड,** क्षेत्रफल 580 व.फु., भूतल 378 व.फु., **दस्तावेज- मृत्य प्रमाण पत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/230
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **2000198006** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती काशी देवी निनोरिया, पति- श्री जी.पी. निनोरिया एवं राकेश निनोरिया, पिता- श्री जी.पी. निनोरिया,** के स्थान पर आवेदक **श्री अमर सिंह, पिता- स्व. श्री बलवंत सिंह,** ने **मकान नं. एल.आई.जी. 05 हाथीताल कालोनी वार्ड क्र.-.10** , .......... **वार्ड,** भूतल 492 व.फु., **दस्तावेज- मृत्य प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/233
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000509146** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती विजया कुमार, पति- श्री हरीश चंद कुमार** के स्थान पर आवेदक **श्री सुरेश मक्कड़, पिता- श्री राम प्रकाश मक्कड़,** ने **मकान नं. 1792 वार्ड क्र.-....** ,**जार्ज डिसिल्वा वार्ड,** क्षेत्रफल 1625 व.फु., भूतल 1324 व.फु., प्रथमतल 1459 व.फु. द्वितीयतल 1459 व.फु., तृतीयतल 810 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/232
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000502793** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अभिषेक बेन्जामिन, पिता श्री एडविन** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती वीनू सागर, पति श्री अरूण सागर, एवं श्री अरूण सागर पिता- श्री ईश्वर चंद सागर** ने **मकान नं. डी-401/ए वार्ड क्र.-....** ,**नरसिंह वार्ड,** चौथी मंजिल 537 व.फु.आर.सी.सी., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/225
2024-25 दिनांक 24/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000509686** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सर. नव्या सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्री नरेन्दर सिंह, श्री तजेन्दर सिंह, श्री राजेन्दर सिंह, श्री श्रीमती हरजीत कौर, श्रीमती कुलदीप कौर, श्रीमती बलवीर कौर सभी के पिता स्व. श्री हरभजन सिंह** ने **मकान नं. 1342 वार्ड क्र.-12** ,............ **वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 796.6 व.फु., भूतल 238व.फु., प्रथमतल 170 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, पारिवारिक बटवारानामा, न्यायालीन डिक्री,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**



भोपाल-उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देश टीवी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 100 दिवसीय निक्षय भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए गरोठ में पदस्थ लैब टेक्नीशियन श्री विमल मीणा के अपने पिता की तेरहवीं पर 10 फूड बास्केट टीबी रोगियों को वितरित करने के कार्य की सराहना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक अद्वितीय उदाहरण है।



**सत्कर्म से मनुष्य अपने जीवन को बना सकते हैं सार्थक-चित्तौड़ा गौशाला की भूमि होगी श्रीमद्भागवत गौशाला के नाम**

# कथा श्रवण से मिलती है जीवन दर्शन की राह - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति का अपना विशेष महत्व है। मनुष्य जीवन सत्कर्म के लिए प्राप्त हुआ है। कथा श्रवण के माध्यम से हमें जीवन दर्शन की राह मिलती है, जो हमें सदमार्ग की ओर चलने के लिए सदैव प्रेरित करती है। गौमाता की सेवा भगवान की सेवा के समान है। संत कमल किशोर नागर महाराज गौसेवा के एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है। संत श्री के प्रयासों से मालवा, निमाड़, जनजाति अंचल सहित प्रदेश भर में गौमाताओं के पालन का दायित्व निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय और वंदनीय है। भगवत गीता से हमें कर्म के प्रति आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति ऐसे सदकर्म करें, जिससे उनकी भावी पीढ़ी पुण्य के मार्ग पर चले और मनुष्य जीवन को सार्थक बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर जिले के सांवेर स्थित चित्तौडा में श्रीमद्भागवत गौशाला में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित श्रृद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमद्भागवत गौशाला चित्तौडा की भूमि को गौशाला के नाम करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गीता जयंती के आयोजन



से पूरे प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के कर्म के संदेश को पहुंचाने का कार्य किया गया है। संत श्री कमल किशोर जी नागर के द्वारा निस्वार्थ भाव से गौशाला संचालन के लिए जो पुनीत कार्य की अलख जगाई गई है, वह वंदनीय है। संत श्री ने गौशाला संचालन के साथ कई आदर्श निर्मित किए हैं, जो समाज को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान विकास को एक नई दिशा देने का काम करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 25 दिसम्बर को केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से विकास को एक नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा प्रदेश में दो नदी जोड़ो अभियान से लगभग 25 जिलों के बड़े क्षेत्रों में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। नदी जोड़ो अभियान से प्रदेश का बड़ा क्षेत्र लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोवंश पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। घर-घर गोपाल और गांव-गांव वृंदावन बने, इसके लिए प्रदेश के 313 ब्लॉक के एक-एक गांव में जहां 500 से अधिक गोवंश होगा, उनको वृंदावन गांव बनाकर आदर्श रूप में विकसित करेंगे। वहीं 10 से अधिक गौमाता पालने वाले पशुपालकों को अनुदान देकर प्रोत्साहित करेंगे ताकि घर-घर गोपाल बने। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दूध खरीदी पर बोनस भी दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य कि जिससे घर-घर दूध उत्पादन बढ़े और प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गोपालन के प्रति लोगों में रुचि बढ़े, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने संत कमल किशोर जी नागर द्वारा गोवंश संरक्षण एवं गौशाला के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यास पीठ का पूजन कर संत श्री नागर का शाल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री चिंटू वर्मा सहित श्रीमद्भागवत गौ-शाला चित्तौडा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग में अग्रणी राज्य -सर्वेयर जनरल मकवाना



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ? मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर है। राज्य में ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और ड्रोन नीति पर विचार विमर्श के लिए सोमवार को शासन में ड्रोन का उपयोग एवं मध्यप्रदेश में ड्रोन पारिस्थितिक तंत्र का विकास विषय पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यापक अनुप्रयोगों पर चर्चा की गयी। सर्वेयर जनरल ऑफ इंडिया श्री हितेश कुमार मकवाना, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, प्रबंध निदेशक एमपीएसईडीसी श्री आशीष वशिष्ठ ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ड्रोन केन्द्र सूचना पोर्टल भी लाँच किया गया।

सर्वेयर जनरल श्री मकवाना ने कहा कि भारत में पिछले छ्- वर्षों में ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है। ड्रोन के शुरूआती सीमित उपयोग से लेकर आज इसके व्यापक उपयोग तक ड्रोन एक बहुउपयोगी उपकरण के रूप में उभरा है। भारत सरकार ने ड्रोन टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग के लिये ड्रोन नीति बनाई है। मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है।

# पीएमजीइसवाय योजना ग्रामीण विकास के लिए वरदान -मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल



**ग्रीन टेक्नोलॉजी से सड़क निर्माण करने में अगुआ राज्य बनेगा म. प्र.**
**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सफलता एवं आगामी कार्ययोजना पर विशेष कार्यक्रम आयोजित**

**भोपाल. ( विलक्षण सक्सेना )** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण में ऐसी तकनीको का प्रयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे प्रकृति संरक्षण और समावेशी विकास हो। उन्होंने कहा कि कि मध्यप्रदेश सड़कों के निर्माण में ग्रीन टेक्नोलॉजी में अगुआई करने वाला राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तीनों चरणों में उत्कृष्ट कार्य किया है, चौथे चरण में भी बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में योजना के सभी लक्ष्य समय सीमा में पूर्ण होंगे। मंत्री श्री पटेल मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सफलता 2000-2024 एवं आगामी कार्ययोजना के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संयुक्त सचिव श्री अमित शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण श्री दीपक आर्य उपस्थित थे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरुआत की। यह योजना से ग्रामीण विकास के लिए वरदान साबित हुई। उनकी जनशताब्दी पर योजना ने 25 वर्ष पूर्ण कर लिए है। मनुष्य के शरीर में जिस तरह रीढ़ की हड्डी है, उसी तरह ग्रामीण सड़को ने देश के विकास में अपना योगदान दिया है। मध्यप्रदेश ने योजना के प्रारंभ से ही उल्लेखनीय कार्य किए गए है। एमपीआरआरडीए के नवाचार ई मार्ग, संवेग की सराहना केंद्र सरकार द्वारा की गई है, यह विशेष उपलब्धि है। प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत बनाई गई 77 सड़कों का संधारण महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है, यह सराहनीय प्रयास है। राज्य में 10 हजार किलोमीटर के अधिक सड़कें वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग कर बनाई गई है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मंत्री श्री पटेल कहा कि जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम भी इस योजना ने किया है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित जिलों में सड़कों बनने से सरकार की पहुंच बढ़ी है। उन्होंने बताया कि कैसे नरसिंहपुर जिले के जनजातीय गांव बमनी तक सड़क बनने से शेष गांव भी लाभान्वित हुए। उन्होंने पीएमजनमन योजना में जनजातीय क्षेत्रों में सड़क निर्माण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो बसाहटें सड़क विहीन हैं, उन्हें इस योजना के आगामी चौथे चरण में शामिल किया जाना चाहिए। इस वर्कशॉप में आगामी कार्ययोजना और संभावित चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विचार विमर्श हो।

प्रमुख सचिव श्रीमती रस्तोगी ने कहा कि पीएमजीएसवाय की सफलता का कारण योजना की सेंट्रलाइज्ड प्लानिंग है। मध्यप्रदेश हमेशा इस योजना के क्रियान्वयन में अव्वल रहा है, हम आगे भी अव्वल रहेंगे। आगामी योजना में नई टेक्नोलॉजी के उपयोग पर अधिक जोर दिया जाएगा साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी भी बढ़ाई जाएगी।

संयुक्त सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश में कई नवाचार किए गए हैं, जो सराहनीय है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का चौथा चरण प्रारंभ हो रहा है। इस चरण में 2011 की जनसंख्या अनुसार मैदानी इलाकों में 500+, पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, विशेष श्रेणी क्षेत्रों (जनजातीय अनुसूची ङ्क, आकांक्षी जिले/ब्लॉक, रेगिस्तानी क्षेत्र) में 250+ की जनसंख्या से अधिक बसाहटों को जोड़ा जायेगा, जिसका सर्वे कार्य जनवरी 2025 तक पूर्ण होगा। सड़क निर्माण के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को शामिल किया जाएगा, जैसे- कोल्ड मिक्स प्रौद्योगिकी और अपशिष्ट प्लास्टिक, पैनलयुक्त सीमेंट कंक्रीट, सेल-भरे कंक्रीट तथा अन्य अपशिष्ट, जैसे- फ्लाई ऐश और स्टील धातुमल का उपयोग। उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई जाए। योजना के लिए कार्य योजना पीएम गति शक्ति पोर्टल के माध्यम से बनाई जाएगी, साथ ही पोर्टल पर उपलब्ध नियोजन टूल डीपीआर तैयार करने में भी सहायता करेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर्य ने कहा कि मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विगत तीन वर्षों से सड़क निर्माण एवं गुणवत्ता अग्रणी होने केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश को पुरस्कृत किया है । राज्य में आई टी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा । प्राधिकरण द्वारा विकसित ई मार्ग सॉफ्टवेयर सम्पूर्ण देश में लागू किया गयाहै, यह गर्व का विषय है। संवेग पोर्टल से सड़को का संधारण बेहतर हो रहा है। नवीन टेक्नोलॉजी समावेश, कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए राज्य में प्रशिक्षण अकादमी भी स्थापित की गई है। इस अवसर पर पीएमजीएसवाय की उपलब्धियों पर आधारित फिल्म दिखाई गई। मुख्य अभियंता आरआरडीए श्री विजय गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

## भोपाल के वन-विहार में गुंजेगी अब गुजरात के शेरों की दहाड़, जूनागढ़ जूनागढ़ से लाया सिंहों का जोड़ा

भोपाल (आरएनएस)। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में 21 दिसंबर को सक्करबाग जू-जूनागढ़, गुजरात से लॉयन का जोड़ा (नर एवं मादा) लगभग 1000 किलोमीटर की यात्रा तय कर सकुशल पहुँचा है। नर लॉयन एव मादा लॉयन दोनों की उम्र लगभग 3 वर्ष है। वन विहार में दोनों लॉयन की देखभाल एवं परीक्षण के लिए क्वारेन्टाईन में रखा गया है।

वर्तमान में सत्या. गंगा एवं नदी सहित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में 2 नर एवं 3 मादा लॉयन हो गये हैं। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान को यह सौगात शासन एवं विभाग स्तर पर विशेष प्रयासों से प्राप्त हुई है। लॉयन जोड़े के बदले वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल से नर बाघ (बाँधवगढ़-2) एवं मादा बाघ (बँधनी) को दिया गया है। दोनों की उम्र लगभग 06 वर्ष है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से प्राप्त अनुमति अनुसार आदान-प्रदान योजना अंतर्गत 17 दिसम्बर 2024 को 9 सदस्यीय दल वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल से नर बाघ एवं मादा बाघ को लेकर सक्करबाग जू-जूनागढ, गुजरात के लिए रवाना हुआ एवं 21 दिसम्बर 2024 को सक्करबाग जू-

**भविष्य आधारित, पर्यावरण अनुसंगत योजना का करें निर्माण इजराइल का प्रतिनिधि मंडल करेगा सहयोग**

# जल वितरण प्रणाली को लीकेज प्रूफ बनाने के साथ रीवा के हर घर में शुद्ध जल सप्लाई सुनिश्चित करना है- उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जल प्रबंधन के लिये इजरायल का नाम विश्व में विख्यात है। उनके अनुभव, प्रयासों और सुझावों से रीवा नगर निगम क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि योजना का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं और मांग को ध्यान में रखकर किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में जल वितरण प्रणाली को लीकेज प्रूफ बनाने के साथ हर घर में शुद्ध जल पहुँचना सुनिश्चित करना है। जल संग्रहण के साथ जल का संवर्धन भी भविष्य की मांग को पूरा करने के लिये आवश्यक है। जल को उपचारित कर पुन: प्रयोग करना समय की मांग है और पर्यावरण अनुसंगत है। इसे ध्यान में रखते हुए योजना का निर्माण किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चार इमली स्थित निवास कार्यालय में नगर निगम रीवा में वाटर सप्लाई सुविधा के विस्तार, प्रबंधन और सशक्तीकरण के लिये इजराइल के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा की।

इजरायल प्रतिनिधि मंडल ने बेहतर जल प्रबंधन और वितरण नेटवर्क सुदृढ़ीकरण पर अपने अनुभव को साझा किया। जल संसाधन प्रबंधन के लिये कृत्रिम और प्राकृतिक सोर्स का चिन्हांकन किया जाना महत्वपूर्ण है। कृत्रिम स्तंभों में अपशिष्ट जल का पुन- उपयोग शामिल है। प्राकृतिक स्तंभों में वर्षा जल संग्रहण, भूजल पुनर्भरण, झील व भूजल निगरानी, और बाढ़ जल संग्रहण शामिल हैं।


## दो लाख से अधिक किसानों से खरीदी गई 14 लाख मीट्रिक टन धान : गोविंद सिंह राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक दो लाख 11 हजार 780 किसानों से 14 लाख 9 हजार 493 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1358 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। धान की खरीदी जिला पन्ना में 36,875, दमोह 26,655, सागर 5110, शहडोल 73,311, अनूपपुर 30,512, उमरिया 40,488, रीवा 1 लाख 61 हजार 640, सतना 1 लाख 57 हजार 85, सिंगरौली 56,394, सीधी 40,959, मऊगंज 39,672, मैहर 51,501, सीहोर 8682, रायसेन 11, 409, विदिशा 518, नर्मदापुरम 54,276, बैतूल 15,243, हरदा 129, कटनी 1 लाख 47 हजार 850, बालाघाट 1 लाख 82 हजार 287, मंडला 77,746, नरसिंहपुर 32,145, सिवनी 58,286, जबलपुर 89,045, डिंडोरी 8720, छिंदवाड़ा 2597, भिण्ड 207, शिवपुरी 92, अलीराजपुर 46 और झाबुआ जिले में 13 मीट्रिक टन की जा चुकी है।


# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी के नदी जोड़ो अभियान का सपना म.प्र. की धरती पर हो रहा साकार -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसंबर को खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का करेंगे शिलान्यास बदलेगी बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर**

भोपाल (आरएनएस)मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की प्रथम केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना केन्द्र सरकार, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के मध्य परस्पर सहयोग एवं समन्वय का एक अनूठा उदाहरण है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के सपने को साकार करने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बीड़ा उठाया है। बहुउद्देशीय और महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से किसानों को जहां सिंचाई के लिए भरपूर जल उपलब्ध होगा, वहीं पेयजल और उद्योगों के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा। क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक विकास के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में भूजल की स्थिति भी सुधरेगी। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली इस परियोजना का शिलान्यास करने प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसंबर को छतरपुर जिले के खजुराहो आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। यह परियोजना मध्यप्रदेश के छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर निर्मित की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊँचाई एवं 2.13 किलोमीटर लंबाई के दौधन बांध एवं 2 टनल (अपर लेवल 1.9 कि.मी. एवं लोअर लेवल 1.1 कि.मी.) का निर्माण कर बांध में 2,853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जायेगा। केन नदी पर दौधन बांध से 221 कि.मी. लंबी लिंक नहर के द्वारा दोनों राज्यों में सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्रदाय करते हुये केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में अंतरित किया जावेगा। परियोजना से दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी एवं दतिया के 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। इससे लगभग 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। केन- बेतवा परियोजना से उत्तरप्रदेश में 59 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण (स्ह्लड्ड्डद्बद्यद्बह्यड्डह्लद्बशठ्ठ) किया जावेगा, जिससे उत्तरप्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख एवं उत्तरप्रदेशकी 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही परियोजना से 103 मेगावाट जल विद्युत एवं 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। इसका सम्पूर्ण लाभ मध्यप्रदेश को प्राप्त होगा।




परियोजना अंतर्गत विरासत में प्राप्त एतिहासिक चंदेल कालीन तालाबों को सहेजने का कार्य भी शामिल है। मध्यप्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिलों में चंदेल कालीन 42 तालाबों का मरम्मत/जीर्णोधार किया जाकर वर्षाकाल में जल भराव होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ एवं भू-गर्भीय जलस्तर में बढ़ोत्तरी होगी। दौधन बांध के निर्माण से उत्तरप्रदेश के बांदा जिले को बाढ़ की विभीषिका से छुटकारा मिलेगा। दौधन जलाशय से पन्ना टाईगर रिजर्व में जंगली जानवरों को वर्षभर पेयजल मिलेगा एवं वन के पारिस्थितिकी-तंत्र में भी अभूतपूर्व सुधार होगा। मध्यप्रदेश की उदारवादी नीतियों के फलस्वरूप लगभग समस्त विस्थापितों द्वारा पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन पैकेज को चुना गया है। परियोजना के निर्माण से कृषकों को उन्नत सिंचाई तकनीक से फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली आएगी। साथ ही बुंदेलखंड भू-भाग में व्याप्त जल संकट से छुटकारा मिलेगा और रोजगार के लिए हो रहे पलायन पर भी रोक लगेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाओं से प्रदेश के सिंचाई रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। प्रदेश में सिंचाई का रकबा निरंतर बढ़ रहा है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सरकार ने वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है। वर्ष 2024-25 के बजट में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए 13,596 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।






जबलपुर दिन बुधवार 25 दिसम्बर 2024 दैनिक क्षितिज किरण




## भारत को नुकसान जवाबदेही भाजपा की ही होगी

देश के अंदर सियासी तू तू-मैं मैं दीगर पहलू है, मगर जिस अमेरिका के साथ भारत का निकट संबंध बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है, उसी पर अब इतना गंभीर इल्जाम सत्ताधारी भाजपा ने लगा दिया है। भाजपा सत्ताधारी पार्टी है। उसे यह ख्याल अवश्य रखना चाहिए कि वह जो बोलती है, उससे भारत सरकार की राय से जोड़ कर देखा जाएगा। देश के अंदर सियासी चर्चा का स्तर इतना गिर चुका है कि अब कौन, क्या बोलता है, उस पर ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं होती। लेकिन जो बातें भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं, उन मामलों में अपेक्षा अवश्य रहती है कि सत्ताधारी दल के नेता जिम्मेदारी से बोलेंगे। वे ख्याल रखेंगे कि उनकी बातों का दूरगामी प्रभाव हो सकता है। इसीलिए भाजपा ने जिस तरह अब अमेरिका के विदेश मंत्रालय और डीप स्टेट' पर निशाना साधा है, उससे व्यग्रता पैदा होती है। पार्टी के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय और डीप स्टेट' के कुछ तत्व कुछ खोजी पत्रकारों और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ मिल कर भारत को अस्थिर करने में जुटे हुए हैं। ताजा संदर्भ अडानी समूह के खिलाफ अमेरिका में दायर मुकदमे का है, जिससे पार्टी ने पत्रकारों के समूह ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की इस समूह के बारे में कुछ समय पहले आई रिपोर्ट को जोड़ दिया है। चूंकि कांग्रेस, खास कर राहुल गांधी ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश की है, तो भाजपा ने इसका जवाब इस ताजा हमले के साथ दिया है। स्पष्टतः आरोप का पूरा आधार परिस्थितिजन्य है। एक से दूसरे तार को जोड़ते हुए भाजपा इस नतीजे पर पहुंच गई है कि भारत को अस्थिर करने की बड़ी साजिश रची गई है और उच्चतम स्तर के देशद्रोही (यह आरोप संसद में लगाया गया) राहुल गांधी उसका हिस्सा बन गए हैं।

## बायोहैकिंग क्या है? भारत में इसका प्रचलन कैसे बढ़ा?

आखिर बायोहैकिंग में क्या होता है? जानकार बताते हैं कि भारत में बढ़ते बायोहैकर कम्युनिटी के पास भले ही जॉनसन जैसा मोटा बजट न हो, लेकिन वे लोग सेहत को बेहतर बनाने के लिए अपने-अपने तरीके आजमा रहे हैं जो खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि यह आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के द्वारा प्रमाणित नहीं है।

लाइफ इज मिंट फ़ॉर जॉय यानी जीवन जीने के लिए है। लेकिन कुछ लोग प्राकृतिक और शारीरिक परिस्थितियों में मनमाफिक बदलाव लाकर ज्यादा से ज्यादा जीने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। इनके लिए %बायोहैकिंग% एक ऐसा शब्द बन चुका है जो शरीर की काम करने की क्षमता को बेहतर बनाने और उम्र बढ़ाने के तरीकों से जुड़ा हुआ है। इसलिए अब दुनिया के लोग इस पर फिदा होते जा रहे हैं। भारत में भी बायोहैकिंग के दीवाने बढ़ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि विश्वविद्यालयों में बायोसाइंसेज और हेल्थ रिसर्च से जुड़े छात्रों में इस नवीनतम ज्ञान और शोध के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है। इस बारे में लोग पूछताछ कर रहे हैं।

बता दें कि बायो और हैकिंग नामक दो शब्द सेहत से जुड़ी बायोलॉजिकल प्रक्रियाओं को प्रभावित करते हैं।

## भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर विशेष

# अटल जी-आधुनिक भारत के राष्ट्रपुरुष



कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः।

बुद्धिमान्मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत्। श्रीमद्भगवद्गीता 4/18

अर्थात जो मनुष्य कर्म में अकर्म और अकर्म में कर्म को देखता है, वह सभी मनुष्यों में बुद्धिमान और सर्वश्रेष्ठ है। वह कर्म प्रवृत्ति रह कर भी सर्वदा दिव्य स्थिति में रहता है। भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी भी एक ऐसे ही कर्मशील युगपुरुष थे, जो जीवनपर्यंत निस्वार्थ और अनासक्त भाव से अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहे। उनके कार्यों में व्यक्तिगत भाव किंचित मात्र भी नहीं रहा है। उनके प्रत्येक कर्म में सदैव राष्ट्रहित सर्वोपरि था। वे केवल राष्ट्र के लिए हीं जीते थे,उनकी हर श्वास के लिए थी। इसलिए उनका कर्तव्य पथ उन्हें मोक्ष के मार्ग पर लेकर जाता है। व्यक्तिगत उपबंध से स्वाधीन अटल जी का चिंतन और चिंता का विषय सदैव संपूर्ण राष्ट्र रहा है। भारत और भारतीयता की संप्रभुता एवं उसके संवर्धन की कामना ही उनके चिंतन और दर्शन में सर्वोपरि रही है। उन्होंने राष्ट्र के सम्मान और समृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और कभी भी किसी भी संकट से विचलित नहीं हुए। उनकी कविताओं में राष्ट्रीयता की भावना,जिस ओजस्विता, तेजस्विता और वीरता के स्वरों के साथ व्यक्त हुई, वह राष्ट्र के गौरव को रेखांकित करती है। अटल जी कहते हैं-

आज सिंधु में ज्वार उठा है, नगपति फिर ललकार उठा है,<br>
कुरुक्षेत्र के कण-कण से फिर, पांचजन्य हुँकार उठा है।<br>
शत-शत आघातों को सहकर, जीवित हिंदुस्तान हमारा,<br>
जग के मस्तक पर रोली-सा, शोभित हिंदुस्तान हमारा।<br>
दुनियाँ का इतिहास पूछता, रोम कहाँ, यूनान कहाँ है?<br>
घर-घर में शुभ अग्नि जलाता, वह उन्नत ईरान कहाँ है?<br>
दीप बुझे पश्चिमी गगन के, व्याप्त हुआ बर्बर अँधियारा,<br>
किंतु चीरकर तम की छाती, चमका हिंदुस्तान हमारा।

अटल जी का राष्ट्रवादी चिंतन उनकी राजनीति, लेखनी और व्यक्तित्व में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वह भारतीय सभ्यता, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव के प्रबल समर्थक थे। उनके विचारों के केंद्र में सदा भारत रहा है। उनका राष्ट्रवाद ''सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय'' के सिद्धांत पर आधारित था। उनका मानना था कि भारतीय सभ्यता की नींव में सहिष्णुता, विविधता और समानता के मूल्य निहित हैं। वे कहते हैं-

भारत जमीन का टुकड़ा नहीं,<br>
जीता जागता राष्ट्र पुरुष है।<br>
हम जिएंगे तो इसके लिए,<br>
मरेंगे तो इसके लिए।

अटल जी एक आदर्शवादी राजनेता के साथ एक काव्य साधक भी थे। उनकी काव्य साधना में मानव समाज और राष्ट्र के प्रति उनकी व्यक्तिगत संवेदनशीलता आद्योपांत प्रकट होती है। वह एक ऐसे भारत के निर्माण का स्वप्न देखते थे, जो भूख, भय, गरीबी, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। उनकी काव्य साधना में एक कर्मयोगी की कर्तव्य-परायणता और राष्ट्रवाद की दृढ़ भावना की झलक दिखाई देती है। वह कहते हैं -

पंद्रह अगस्त का दिन कहता, आजादी अभी अधूरी है।<br>
सपने सच होने बाकी है,रावी की शपथ न पूरी है।<br>
दिन दूर नहीं खंडित भारत को, पुनः अखंड बनाएंगे।<br>
गिलगित से गारो पर्वत तक, आजादी पर्व मनाएंगे।

वाजपेयी जी एक अदम्य साहसिक व्यक्तित्व के धनी थे, वे जो सोच लेते थे उसे करके ही मानते थे। उनके राजनीतिक निर्णय में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उनका राष्ट्रवाद ''आत्मनिर्भर भारत'' की अवधारणा पर आधारित था। वह भारत को आर्थिक, सामरिक और वैज्ञानिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना चाहते थे। पोखरण परमाणु परीक्षण और कारगिल विजय जैसे अद्वितीय कार्य उनकी इस कविता को चरितार्थ करते हैं -

टूटे हुए सपने की सुने कौन सिसकी,<br>
अंतर को चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी,<br>
हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा<br>
काल के कपाल पर, लिखता हूं, मिटाता हूं<br>
गीत नया गाता हूं ।

वे भारत की एकता और अखंडता के लिए कितने सजग और संघर्षशील थे। यह बात उनकी कविताओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। वे कहते हैं -

आहुति बाक़ी यज्ञ अधूरा,<br>
अपनों के विघ्नों ने घेरा।<br>
अंतिम जय का वज्र बनाने,<br>
नव दधीचि हड्डियाँ गलाएँ।<br>
आओ फिर से दिया जलाएँ।।

अटल जी का राष्ट्रवाद समावेशी था। वे धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर थे, किंतु इसका आशय तुष्टीकरण नहीं था। उनका मानना था कि सभी धर्म का सम्मान होना चाहिए और किसी भी धर्म को विशेष लाभ नहीं मिलना चाहिए। वह भारत के सभी वर्गों, धर्म और जातियों के लिए समान अवसर और समान अधिकार सुनिश्चित करना चाहते थे। वाजपेयी जी एक आदर्शवादी और सिद्धांतवादी राजनेता थे। उनके चिंतन में राजनीति और नैतिकता का गहरा संबंध था। उनका मानना था,कि राजनीति में नैतिक मूल्यों का पालन किया जाना आवश?यक है। वह कहते थे - ''राजनीति में विरोध हो लेकिन विरोधी को शत्रु न माने।'' उनका मानना था कि, राजनीति में विचारों का संघर्ष हो सकता है लेकिन उसे व्यक्तिगत वैमनस्य में नहीं बदलना चाहिए। इन्हीं राजनीतिक आदर्श ने उन्हें भारतीय राजनीति का अजातशत्रु बना दिया है।दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनके सर्वांगीण राष्ट्रवादी चिंतन के कारण ही वर्ष 1994 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री व्ही0पी0 नरसिम्हा राव द्वारा विशेष आग्रह कर अटल जी को जिनेवा में मानवाधिकारों के सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा था। भारत जैसे बड़े गणतांत्रिक राष्ट्र के नेता प्रतिपक्ष द्वारा सरकार का पक्ष प्रस्तुत किए जाने की यह घटना अपने आप में आश्चर्यजनक थी। इस घटना के कारण भारत के लोकतंत्र के प्रति विश्व में निष्ठा और विश्वास और अधिक दृढ़ हुआ। यह घटना अटल जी की योग्यता और उत्कृष्टता का प्रमाण है श्री अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राष्ट्रवादी राजनेता नहीं ही नहीं थे, बल्कि एक गहरे दार्शनिक चिंतक भी थे। उनका दार्शनिक चिंतन, जीवन, राजनीति, समाज और राष्ट्रीयता के व्यापक आयाम को समेटे हुए था। उनकी विचारधारा, मानवीय मूल्य, सहिष्णुता और सत्य निष्ठा पर आधारित थी। उनका दार्शनिक दृष्टिकोण मानवता के प्रति करुणा और मानव कल्याण की भावना से ओत-प्रोत था। उनकी कविता 'जीवन की ढलान पर','मिले दो पल आराम के' इस विचारधारा को सहज ही अभिव्यक्त करती है। अटल जी का दार्शनिक चिंतन समाज और अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास पर केंद्रित था। उनका मानना था कि देश का विकास तभी संभव है,जब समाज के सभी वर्गों को सामान अवसर प्राप्त होंगे एक अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा था कि, ''हमने समाज के एक बड़े वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जुड़ने से रोक रखा है।' "सामाजिक समानता और समावेशी विकास' की भावना उनकी कविताओं में भी सहज रूप से प्रकट होती है। वह कहते हैं -

बाधाएं आती हैं आएं,<br>
घिरें प्रलय की घोर घटाएं,<br>
पावों के नीचे अंगारे,<br>
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं,<br>
निज हाथों में हंसते-हंसते,<br>
आग लगाकर जलना होगा,<br>
कदम मिलाकर चलना होगा

एक दार्शनिक राजनेता के रूप में अटल जी की भावना लोकतंत्र की अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने और उसे समाज के मुख्य धारा में जोड़ने की थी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और स्वर्णिम चतुर्भुज योजना जैसे लोक कल्याणकारी कार्य उनकी समावेशी और जनहितैषी भावना का ही प्रकटीकरण हैं। श्री अटल बिहारी वाजपेयी का दार्शनिक दृष्टिकोण आध्यात्मिकता से प्रेरित था। उनका मानना था कि व्यक्ति को अपने कर्म, विचार और व्यवहार में आत्मशुद्धि और अनुशासन का पालन करना चाहिए। उन्होंने गीता के 'कर्म योग' को अपने जीवन और कार्यों में अपनाया। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि, कैसे कर्म और कर्तव्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनका जीवन दर्शन हमें सिखाता है, कि कर्म,सेवा और सत्य के मार्ग पर चलकर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन और कार्यों से यह दिखाया कि राजनीति, राष्ट्रीयता और मानवता को किस प्रकार संतुलित किया जा सकता है। वह कहते हैं-

दांव पर सब कुछ लगा है, रुक नहीं सकते।<br>
टूट सकते हैं मगर हम, झुक नहीं सकते।।

अटल जी का राष्ट्रवादी चिंतन उनके संपूर्ण जीवन के कार्यों में झलकता है। वह सही मायने में एक ऐसे राष्ट्रवादी थे जिन्होंने भारत को अपनी आत्मा और विचारों से नईं ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन में राजनीति की आदर्श मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं किया। जीवनपर्यंत उनका आचरण, व्यवहार नैतिक मूल्यों से समृद्ध रहा। लाल किले से लाहौर तक और संसद से संयुक्त राष्ट्र तक अटल जी के वक्तव्य में सत्य और आदर्श हमेशा प्रमाणित और प्रतिध्वनित होते रहे। एक सर्वमान्य और आदर्श नेता के रूप में उनका व्यक्तित्व न केवल भारतवर्ष में अपितु संपूर्ण विश्व में आदरणीय रहा है। वास्तव में भारत अटल जी आधुनिक भारत के 'राष्ट्रपुरुष' हैं। अपनी मातृभूमि के प्रति उनका चिंतन और उनके कार्य निश्चित ही साहसिक और अद्वितीय हैं। उनके मूल्य, आदर्श, उनका दर्शन और राष्ट्रवादी चिंतन सदियों तक भारतवर्ष के लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक के रूप में अनुकरणीय रहेंगे।

**धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी**<br>
**राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभार**<br>
**मध्यप्रदेश शासन**<br>
**संस्कृतिए पर्यटनए धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग**

## पैर के अंगूठे के बगल वाली उंगली बताती है व्यक्ति का स्वभाव कैसा है?

वैसे तो हाथ की लकीर के अलावा व्यक्ति के पैरों की बनावट भी उसके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ बताती है। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, पैरों के अंगूठे के बगल की उगली का छोटा या बड़ा होना भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में काफी कुछ संकेत देता है।

अगर आप अपने अंगूठे के बगल की उगली से जानना चाहते हैं, कि आपका स्वभाव के बारे में पता चलता है। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, व्यक्ति के हाथ-पैरों की बनावट, चिन्हों और रेखाओं के जरिए जीवन में शुभ-अशुभ घटनाओं के बारें पता लगाया जा सकता है। यह सच है कि व्यक्ति के पैरों की उंगालियों की सरचना से स्वभाव के बारे में बहुत कुछ पता चलता है। आपने भी कई बार देखा होगा कि पैरों के अंगूठे की तुलना में ज्यादा बड़ी या छोटी होती है। आइए आपको बताते है कि पैर के अंगूठे के बगल की उंगली का छोटा या बड़े होने का क्या मतलब है? जिन लोगों के पैर के अंगूठे की बगल की उंगली अंगूठे की तुलना में लंबी होती है, तो ऐसे व्यक्ति स्वभाव से जिद्दी होते हैं। यह लोग दूसरों के आगे झुकना पसंद नहीं करते है और हर किसी को अपनी बात मनवाने पर मजबूर करते हैं।

## किसानो कि बुलंद आवाज़ थे चौधरी चरण सिंह

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उन का कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

## हथेली पर मौजूद गुरु पर्वत को ऐसे करें जागृत, करियर में आएगी रफ्तार

अगर किसी व्यक्ति के व्यवसाय या नौकरी आदि में किसी तरह की बाधा आ रही है, व्यापार नहीं चल रहा, नौकरी नहीं लग रही या फिर करियर पर ब्रेक लग गया है, तो हथेली में मौजूद गुरु पर्वत को जागृत करने से यह परेशानियां दूर हो जाती हैं। हस्तरेखा शास्त्र में हाथों की लकीरों के जरिए भविष्य का पता लगाया जा सकता है। जहां एक तरफ हाथों में मौजूद रेखाओं के माध्यम से व्यक्ति के भविष्य, स्वभाव और व्यवहार आदि के बारे में पता लगाया जाता है। हाथों में मौजूद रेखाओं के जरिए कुछ ऐसे विशेष निशान बनते हैं, जो जीवन में आगे होने वाली घटनाओं की ओर इशार करता है। तो हथेली में कुछ पर्वतों का भी निर्माण होता है, जो ग्रहों से जुड़े होते हैं। ऐसे में अगर हाथों में मौजूद उन निशानों या फिर पर्वत से संबंधित कुछ ज्योतिष उपाय किए जाते हैं, तो यह लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि हमारी हथेली में शनि, शुक्र और गुरु पर्वत आदि पर्वत स्थित होते हैं।

## अटल जी... एक युगप्रवर्तक नेता

स्मृति शेष...<br>
प्रस्तावना...

हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा,<br>
काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूं,<br>
गीत नया गाता हूं...

श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की यह अद्वितीय पंक्तियां आज भी मेरे हृदय को जोश, उत्साह और ऊर्जा से भर देती हैं। ये हम सबके दिलों में उनके व्यक्तित्व की गहरी छाप छोड़ जाती हैं। वे अटल जी ही थे, जिन्होंने देश के हर नागरिक को साहस, विश्वास और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया। भारतीय राजनीति में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। उनके योगदान ने हमारे देश की राजनीति को आकार दिया। भारतीय समाज, संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में नई दिशा भी दी। आज 25 दिसंबर 2024 को हम उन्हें उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। यह अवसर उनके जीवन, उनके दृष्टिकोण और उनके कार्यों को स्मरण करने का है। उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का है। इस पुण्य अवसर पर मेरा हृदय गर्व से भरा हुआ है, जो मुझे अनेकों बार अटल जी का सामीप्य, सान्निध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सदैव उनके आशीष की छांव मेरे सिर पर रही। उन्हीं से सुशासन का पाठ सीखा। वे अजातशत्रु, सर्व सम्मानीय, अथक परिश्रमी, परम देशभक्त, प्रबुद्ध कवि, दूरदृष्टा और पथ प्रदर्शक थे।

जब भी अटल जी की बात होती है, उनका व्यक्तित्व मेरी आंखों के सामने जीवंत हो उठता है। उनका हर शब्द आत्मविश्वास से ओत-प्रोत होता था। उनकी बातें हमेशा गहरी सोच और संवेदनशीलता से भरी होती थीं। जब वे बोलते थे तो उनके शब्द मेरे हृदय में गहरे उतरते जाते। उनका दृष्टिकोण सदैव व्यापक रहा, हर वर्ग को समाहित करता हुआ। वे सिखाते थे कि हम समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलें। आज, जब मैं उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा हूं तो ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे वे मेरे सामने खड़े हों, मुझे जीवन की राह दिखा रहे हों। उनका आशीर्वाद मेरे साथ हमेशा रहा है।

— अटल जी का देश के प्रति समर्पण

अटल जी का देश के प्रति समर्पण अद्वितीय रहा। उनके नेतृत्व में भारत ने कई ऐतिहासिक बदलाव देखे, जो आज भी हमें प्रेरित करते हैं। अटल जी का मानना था कि राजनीति जनसेवा का एक साधन है। उनका आदर्श जीवन हमें यही सिखाता है कि जब देश की सेवा और नागरिकों की भलाई ही प्राथमिक उद्देश्य हो तो हर निर्णय सही दिशा में होता है। अटल जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने कई साहसिक कदम उठाए, जिनमें से पोखरण परमाणु परीक्षण ऐतिहासिक साबित हुआ। यह कदम दुनिया के लिए संदेश था कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए स्वतंत्र है और हमें किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

— नदी जोड़ो परियोजना जलवायु संकट का समाधान

अटल जी का दृष्टिकोण केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने पर्यावरण और कृषि के मामलों में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनकी नदी जोड़ो परियोजना महत्वाकांक्षी पहल थी, जिसका उद्देश्य देश के जल संकट को कम करना था। आज हम यह देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस परियोजना को साकार करते हुए केन-बेतवा लिंक परियोजना की सौगात दी है। मध्यप्रदेश के लिए यह एक महान गौरव का क्षण है, क्योंकि अटल जी के इस सपने से हजारों गांव हरे-भरे होंगे। लाखों लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। यह अटल जी के सपनों को धरातल पर उतारने का महान कदम है। इस अभूतपूर्व सौगात के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करता हूं ।

— देश सेवा के प्रति दृढ़ नायकत्व

अटल जी का जीवन सच्ची देश सेवा का प्रतीक रहा। उन्होंने राजनीति में रहते हुए हमेशा अपने सिद्धांतों और विचारधाराओं को प्राथमिकता दी। उनका मानना था कि जब तक देश के प्रत्येक नागरिक की भलाई नहीं होगी, तब तक राष्ट्र निर्माण अधूरा है। उन्होंने समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के लिए आवाज उठाई और समग्र विकास के लिए नीतियां बनाईं। उनके नेतृत्व में भारत ने सड़क निर्माण, शहरीकरण और डिजिटल इंडिया जैसी पहल शुरू की, जिनका आज हम सब व्यापक सकारात्मक असर देख रहे हैं।

— प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बनी वरदान

अटल जी का दृढ़ विश्वास था कि यदि गांवों को शहरों से जोड़ दिया जाए तो ग्रामीण जीवन में नई संभावनाओं का संचार होगा। विकास की राह में नए द्वार खुलेंगे। इस विचार को साकार करने हेतु उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की नींव रखी। उनके इस दूरदर्शी कदम का पूरे देश पर सकारात्मक असर हुआ। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण भारत में अभूतपूर्व परिवर्तन आए। सड़कों के निर्माण ने गांवों तक विकास की किरणें पहुंचाईं। व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने की आसान राह ने ग्रामीणों के जीवन में नवचेतना का संचार किया। अटल जी की यह पहल आज भी ग्रामीण जीवन में सुधार का प्रतीक बनी हुई है।

— सादगी की प्रतिमूर्ति थे अटल जी

अटल जी का जीवन ईमानदारी और सादगी में बेमिसाल रहा। उनका सिद्धांत था कि जनप्रतिनिधियों को सदैव जनता के बीच रहना चाहिए और उनके लिए काम करना चाहिए। इस सिद्धांत को उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन में भी साकार किया। वे आजीवन किसी भी प्रकार की भव्यता से दूर रहे। मैंने उनके साथ रहकर देखा कि वे स्वयं को जनता से अलग नहीं मानते थे। जब भी वे कहीं सभा अथवा कार्यक्रम में जाते तो पार्टी कार्यकर्ता उन्हें चंदा देने आते, पर अटल जी उस चंदे को अपनी व्यक्तिगत संपत्ति बनाने के बजाय पार्टी कार्यालय में जमा कर देते थे। यह कदम उनकी सादगी का मिसाल था।

— राजनीति के पुरोधा को शत-शत नमन... अटल जी भारतीय संस्कृति और धरोहर के प्रति अत्यधिक सम्मान रखते थे। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि भारत तभी शक्तिशाली बन सकता है जब वह अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहेगा। उनके विदेश दौरों में यह स्पष्ट रूप से देखा गया, जहां उन्होंने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को गर्व से प्रस्तुत किया। वे युग प्रवर्तक नेता थे, जिन्होंने अपनी जिंदगी देश की सेवा में समर्पित कर दी। अटल जी का समावेशी, साधारण और ईमानदार व्यक्तित्व हम सबके लिए आदर्श है। उनका नेतृत्व सदैव यही सिखाता रहेगा कि सेवा का असली अर्थ जनता के साथ रहकर, उनके लिए समर्पित होकर काम करना है। उनकी 100वीं जयंती पर, मैं उन्हें सादर नमन...।

अटल जी, आप बहुत याद आते हैं... आपकी छांव और मार्गदर्शन हमेशा हमारे साथ रहेगा...!

श्री कैलाश विजयवर्गीय जी,<br>
मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री, मध्यप्रदेश शासन

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि- आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। आज जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

वृष राशि- आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे। लंबी यात्राओं के योग हैं, जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा।

मिथुन राशि- आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, इससे आपको लाभ होगा।

कर्क राशि- आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज अचानक किसी बड़े लाभ की प्राप्ति होगी। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। आप किसी एनजीओ के साथ जुड़कर समाज सेवा करने का मन बनाएंगे।

सिंह राशि- आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आज आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा।

कन्या राशि- आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा।

तुला राशि- आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। आज आपकी किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात होगी। जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आपके व्यापार में लाभ होगा। आज किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है।

वृश्चिक राशि- आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज पारिवारिक सुख शांति बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु राशि- आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए ऑफर आ सकता है। पारिवारजनों से आपसी तालमेल बनाकर रखें।

कुंभ राशि- आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आप अच्छी रणनीति के साथ काम करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सहकर्मियों के साथ अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आप जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च भी बढ़ सकते है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी।

मीन राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। आपका मन अध्यात्म में लगेगा। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं।



सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए ) के नेता कल दिल्ली में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक के शीर्ष दो एजेंडे डॉ. अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर उपजे विवाद के साथ-साथ एनडीए सहयोगियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। सूत्रों के हवाले से बताया कि बैठक में एनडीए के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी शामिल होंगे।

# कांग्रेस-भाजपा एक ही थैली के चट्टे-बट्टे : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर जारी सियासी संग्राम जारी है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेकर उनके अनुयायियों के वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस और भाजपा एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं।

बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में आक्रोश है। लेकिन, कांग्रेस का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा और स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है। लेकिन, उनकी उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।

दूसरे पोस्ट में बसपा सुप्रीमो ने लिखा, बाबा साहेब का नाम लेकर उनके अनुयायियों के वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस और भाजपा आदि पार्टियां एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं व बाबा साहेब के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सभी पार्टियां बीएसपी को आघात पहुंचाने के षड्यंत्र में लगी रहती हैं।

आखिरी पोस्ट में मायावती ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, वास्तव में बाबा साहेब सहित बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को भरपूर आदर-सम्मान केवल बीएसपी की सरकार में ही मिल पाया, जो इन जातिवादी पार्टियों को हजम नहीं। खासकर सपा ने तो द्वेष के तहत नए जिले, नई संस्थाओं और जनहित योजनाओं आदि के नाम भी बदल डाले।

**कांग्रेस के अलावा दूसरी पार्टी सरकार नहीं चला सकती कांग्रेस के इस भ्रम को अटल जी ने तोड़ा : बड़ौली**

गुरुग्राम (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में रविवार को अटल काव्यांजलि का आयोजन हुआ। पार्टी कार्यालय गुरुकमल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम शुरू करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, जिला अध्यक्ष कमल यादव व भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर अटल जी को याद किया। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने दो मिनट का मौन रखा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। कार्यक्रम में आए कवियों ने अटल जी की स्मृति में कविताओं का पाठ कर खूब तालियां बटोरी।

अटल जी के जन्म शताब्दी दिवस पर उनको याद करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में राजनीति का एक नया अध्याय लिखा। कांग्रेस पार्टी ने झूठा प्रचार किया हुआ था कि देश में कांग्रेस के अलावा कोई दूसरी पार्टी सरकार नहीं चला सकती। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने कांग्रेस के भ्रम को तोड़ने का काम किया। अटल जी जैसा व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं। भारत का संसदीय इतिहास सदैव उनका गुणगान करेगा।

बड़ौली ने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन सरकार चलाने के साथ-साथ विकास के काम कर रहा है। अटल जी की प्रेरणा से भाजपा विजन के साथ भय, भूख और भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया के बहुत से देश भारत की ताकत को नहीं जानते थे, लेकिन जब अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कराया तब दुनिया में भारत की ताकत का मैसेज गया और लोगों को पता लगा कि भारत जैसा शक्तिशाली और संपन्न देश भी विश्व में है।




पटना में सनातन धर्म संरक्षण कानून लागू करने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर किए गए अनुरोध के बाद कुवैत में 101 वर्षीय आईएफएस अधिकारी मंगल सेन हांडा से मुलाकात की।

# अखिलेश यादव को संघ की शाखा में जाना चाहिए - केशव प्रसाद मौर्य

कानपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने रविवार को कानपुर के प्रसिद्ध गुरुद्वारा में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संघ की शाखा में जाने की सलाह दी। मीडिया से बात करते हुए केशव मौर्य ने कहा कि आज कानपुर के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध गुरुद्वारा में मैंने मत्था टेका। कानपुर का यह ऐतिहासिक स्थान है, जहां केवल कानपुर ही नहीं देश और दुनिया से विशेष तौर पर लोग आते हैं। आज यहां माथा टेकने का सौभाग्य मिला है। मैं इस अवसर पर गुरु चरणों में नमन करता हूं और जो त्याग व बलिदान गुरु गोविंद सिंह और उनके पुत्रों ने किया है, उसे देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि सात और नौ वर्ष की आयु कोई आयु नहीं होती, लेकिन राष्ट्र के लिए, धर्म के लिए उन्होंने दीवारों में चुना जाना स्वीकार किया, लेकिन शीश झुकाना स्वीकार नहीं किया। धर्म परिवर्तन करना स्वीकार नहीं किया। आज हमें प्रेरणा भी मिलती है और किसी भी चुनौती का सामना करने का साहस भी जागृत होता है। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान पर मौर्य ने कहा कि मैं आरएसएस का स्वयंसेवक हूं। हमारे लिए तो उनका हर बयान आदेश होता है। अखिलेश यादव या अन्य राजनेता, जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निशाने पर लेते रहे हैं। आज उनको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अच्छा लगा है, तो मैं उनसे यही कहूंगा कि वे संघ की शाखा में जाना शुरू कर दें। संसद में गतिरोध पैदा करने वाले लोग आने वाले चुनावों में संसद में पहुंचने की स्थिति में नहीं रहेगे। राहुल गांधी को विरासत में सियासत मिली है। अगर उनको संघर्ष से सियासत में जगह मिली होती, तो वह इस प्रकार का आचरण नहीं करते।

**वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर जेपीसी की भूमिका अहम : वीके सिंह**

जोधपुर (आरएनएस)। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह रविवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करने जोधपुर पहुंचे। इस दौरान जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपने विचार रखे।जनरल वीके सिंह ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के विचार पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ है और इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में इस मुद्दे पर गहन मंथन किया गया था। इस विचार पर कार्य करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया गया है। जनरल वीके सिंह ने आगे कहा कि अब एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित की गई है, जो इस विचार को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया पर विचार करेगी। यह समिति यह तय करेगी कि इसे कैसे लागू किया जा सकता है और किस प्रकार से इसे प्रारंभ किया जाएगा। इस पहल से भारतीय लोकतंत्र की प्रक्रिया को और भी सशक्त किया जा सकता है। आपको बताते चलें, एक देश, एक चुनाव विधेयक पर विचार के लिए संसद ने 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है।

## राजस्थान में मृत सारस में बर्ड फ्लू वायरस मिला, पक्षियों की अन्य प्रजातियों पर भी संकट

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के फलोदी जिले में बर्ड फ्लू फैल चुका है। जिले के खीचन गांव में मृत पाई गई कुरजां में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है।विसरा के सैंपल 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनीमल डिजीज लैब में भेजे गए थे। 21 दिसंबर को जांच रिपोर्ट में वायरस की पुष्टि हुई है। वायरस की पुष्टि ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के भीतर चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि यह वायरस अन्य पक्षी प्रजातियों के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। अब तक खीचन क्षेत्र में संक्रमण के कारण सात सारसों की मौत हो चुकी है।

कलेक्टर एचएल अटल ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन, वन, पुलिस, उद्योग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई गई, जिसमें अधिकारियों से निवारक उपाय लागू करने, जनता की सुरक्षा करने और बीमारी के प्रसार की निगरानी के लिए सर्वेक्षण करने का आग्रह किया गया।

पशुपालन विभाग ने त्वरित प्रतिक्रिया टीम (रैपिड रिस्पांस टीम) का गठन किया है और वन विभाग ने निगरानी एवं सर्वेक्षण दल तैनात किए हैं। उन क्षेत्रों में सतर्क निगरानी की जा रही है,




दिल्ली देहात विकास मंच के किसान नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिल्ली बचाओ बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## नॉन स्टॉप रफ्तार से भारत वर्ष 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिस गति से देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप रफ्तार से विकास कार्य किए जा रहे हैं तो निश्चित रूप से भारत देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस देश में हर योजना को आम लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लाडवा में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष हल्का के लोगों ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित, जनस्वास्थ्य विभाग, खंड विकास एवं पंचायत विभाग के साथ-साथ गांव और शहर में विकास कार्यों को करवाने से सम्बन्धित विषय रखे। मुख्यमंत्री ने एक-एक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता के साथ सुना और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने शहर के नागरिकों द्वारा राजकीय सीनियर सेंकेडरी स्कूल को बीडीपीओ कार्यालय के पास खाली पड़ी जमीन में शिफ्ट करने की मांग पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल को शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए,

## वन नेशन वन इलेक्शन क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की कोशिश : उमर अब्दुल्ला

जोधपुर (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल को क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की साजिश करार दिया है। जीएसटी काउंसिल में हिस्सा लेने राजस्थान पहुंचे उमर अब्दुल्ला ने ये बात कही। रविवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन बिल पार्लियामेंट के सामने है। पार्लियामेंट इस पर बहस करे फिर किसी नतीजे पर आए। कुछ राज्यों में भी इसको पास करना होगा। हमें तो नहीं लगता कि इससे किसी को फायदा होगा। मुझे लगता है कि यह क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की कोशिश है।

जीएसटी काउंसिल के हिस्सा लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अच्छा माहौल रहा। अच्छे फैसले हुए। इसके साथ ही प्री-बजट चर्चा भी हुई। उम्मीद है कि जो बातें हमने वित्त मंत्री के सामने रखी है, उस पर अमल किया जाएगा।

खुद गाड़ी चला के आयोजन स्थल पर पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि बचपन में मैंने देखा था कि राजीव गांधी भी गाड़ी चलाते थे। मुझे शौक है इसलिए मैं गाड़ी चलाता हूं।

आपको बताते चलें, वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक पर विचार के लिए संसद ने 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद पीपी चौधरी करेंगे। समिति के 39 सदस्यों में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा-(सपा), माकपा, आप, बीजद और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में हाईवे पर दरकी पहाड़ी, बीच सड़क पर फंसे लोग

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तवाघाट नेशनल हाइवे पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब अचानक एक पहाड़ी दरक गई। जिसके बाद नेशनल हाईवे के बंद होने के कारण लोग सड़क पर ही फंस गए।

सड़क बंद रहने से यात्रियों को भी दिक्कत हो रही है। पहाड़ी दरकने से नेशनल हाइवे पूरी तरह बंद हो गया। रोंगती नाले के समीप पहाड़ी बिना बारिश के ही भरभराकर गिर गई। गनीमत रही तब कोई वहां मार्ग से नहीं गुजर रहा था। सड़क बंद हो जाने से दोनों ओर कई वाहन फंस गए हैं। इधर डीएम विनोद गोस्वामी ने कहा है कि मार्ग को खोलने का काम किया जा रहा है। बताया कि बंद हाईवे को खोलने के लिए जेसीबी सहित अन्य मशीनें लगाई हैं। वीडियो में आप देख सकते है कि कैसे भारी मात्रा में पहाड़ी से मलबा गिरा। जिस कारण अब सड़क खोलने में काफी समय लग सकता है। बीआरओ के अधिकारी मौके पर सड़क खोलने में जुटे हुए हैं।



जयपुर में रा%य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे राजस्थान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया।




दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेता मनीष सिसोदिया नई दिल्ली में महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना योजनाओं के संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।

## पहली बीवी को 500 करोड़ मिले, मुझे भी इतने ही चाहिए; दूसरी पत्नी की मांग पर सुप्रीमकोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में जन्मे और अमेरिका में एक सफल आईटी कंसल्टेंसी सेवा चलाने वाले एक व्यक्ति को शादी और तलाक की भारी कीमत चुकानी पड़ी। नवंबर 2020 में अपनी पहली पत्नी को 500 करोड़ रुपये के गुजारा भत्ते के रूप में देने के बाद, अब सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दूसरी पत्नी को 12 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। उनकी दूसरी शादी केवल कुछ ही महीनों तक चली थी।

इस व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी पूरी तरह से टूट चुकी शादी को रद्द करने की मांग की थी। उनकी दूसरी शादी 31 जुलाई 2021 को हुई थी और कुछ ही महीनों बाद टूट गई। दूसरी पत्नी ने स्थायी गुजारा भत्ते की मांग करते हुए कहा कि उसे भी पहले पत्नी के बराबर भुगतान मिलना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और पंकज मिथल की पीठ ने दूसरी पत्नी की मांग को खारिज करते हुए कहा कि पहली पत्नी के साथ कई वर्षों तक वैवाहिक जीवन बिताने की तुलना में दूसरी पत्नी का मामला अलग है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपने 73 पेज के निर्णय में लिखा, हमें उस प्रवृत्ति पर गंभीर आपत्ति है, जहां पक्षकार अपने जीवनसाथी की संपत्ति, स्थिति और आय को आधार बनाकर समान धनराशि की मांग करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर जीवनसाथी की संपत्ति अलग होने के बाद कम हो जाए, तो ऐसी मांगें क्यों नहीं की जातीं?

अदालत ने कहा कि गुजारा भत्ता का उद्देश्य अलग हो चुकी पत्नी को गरीबी से बचाना, उसकी गरिमा बनाए रखना और सामाजिक न्याय प्रदान करना है। पीठ ने कहा, कानून के अनुसार, पत्नी को यथासंभव वैसी ही जीवनशैली में रहने का अधिकार है जैसी वह अपने वैवाहिक घर में रहती थी जब दोनों साथ रहते थे। लेकिन एक बार जब पति-पत्नी अलग हो जाते हैं, तो पति से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह जीवन भर अपनी वर्तमान स्थिति के अनुसार पत्नी का खर्च उठाता रहे।

अदालत ने यह भी कहा कि अगर पति अलग होने के बाद जीवन में बेहतर कर रहा है, तो उससे यह कहना कि वह हमेशा पत्नी की स्थिति को अपनी बदलती स्थिति के अनुसार बनाए रखे, उसकी व्यक्तिगत प्रगति पर बोझ डालना होगा। अदालत ने सवाल उठाया, अगर पति अलग होने के बाद दुर्भाग्यवश गरीब हो जाए, तो क्या पत्नी अपनी संपत्ति को बराबरी पर लाने की मांग करेगी?




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना सिविल लाईन में शाम अर्जुन चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी छुई खदान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कबाड़ एवं पन्नी बीनने का काम करता है रात लगभग 8-30 बजे वह अपने छोटे भाई भीम चौधरी जो कि सुंदर के घर के सामने लड़कों के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था को समझाने पहुंचा एवं कहा घर चलो यहां फालतू मत बैठो तभी वहीं पर रवि विश्वकर्मा एवं सोनू विश्वकर्मा आये और एक राय होकर शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे,

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में पहुँचे सैंकड़ां हितग्राही



## चेरीताल एवं सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में आयोजित किये गए शिविर





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सामाजिक सरोकारों को निभाने हर पात्र हितग्राहियों को घर-घर जाकर संपर्क कर लाभान्वित करना चाहिए। सरकार और जनता में आपसी सहयोग से ही परिवार और मध्यप्रदेश की निरंतर उन्नति होती है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेनें हर पात्र लोगों को सहयोग कर कार्यालयों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, उक्त उद्गार आज उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र विधायक डॉ अभिलाष पांडे और पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर ने कान्यकुब्ज सभा भवन चेरीताल वार्ड में आयोजित जनकल्याण शिविर में कहे।

चेरीताल वार्ड में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जनकल्याण पर्व में 450 से अधिक हितग्राहियों को राशन पात्रता पर्ची, संबल कार्ड, कल्याणी पेंशन, पी.एम. स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, नि:शुल्क आभा कार्ड, पैन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र हितग्राहियों को कार्ड बांटे गए। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत शिविर में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों ने 500 से अधिक हितग्राहियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांचें एवं दवाईयों का वितरण किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिभा विध्येश भापकर, सोनिया रंजीत सिंह, मोनिका पुष्पेन्द्र सिंह, जागृति शुक्ला, नरेंद्र साहू, नरेंद्र खरे, शैलेश पटेल, राजेन्द्र व्यौहार, कल्पना तिवारी, आलोक चनपुरिया, शंकर नेता, अशोक चौधरी, आशीष चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, माया गुजराती, दुर्गेश यादव, नगर निगम की ओर से अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह, संभागीय अधिकारी सुदीप पटेल, राकेश तिवारी, मन्नू पटेल सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।

## सांसद ने कलेक्टर से बात कर धान भुगतान संबंधी किसानों की समस्या को दूर करने दिए निर्देश

# किसानों को मिला सांसद आशीष दुबे का साथ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिले में धान उत्पादक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली शासकीय खरीद जारी है। खरीदी गई धान के भुगतान को लेकर किसान व प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो रही थी। जिले के किसान प्रशासन से धान का भुगतान शीघ्र करने की मांग कर रहे थे। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने सांसद आशीष दुबे को दूरभाष से किसानों के धान भुगतान व अन्य खरीदी, भंडारण आदि समस्याओं से अवगत कराया। तो सांसद आशीष दुबे ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में तत्काल कलेक्टर दीपक सक्सेना से बात करेंगे। किसानो के धान खरीदी व भुगतान में कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। श्री दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश व केंद्र सरकार की प्राथमिकता में किसान है और किसानों की हर समस्या का समाधान सरकार प्राथमिकता से कर रही है।

सांसद ने कलेक्टर को दिए निर्देश

शीतकालीन सत्र चलने के कारण सांसद आशीष दुबे अभी दिल्ली में हैं। जैसे ही उन्हें किसानों व अपने कार्यालय से किसानों के धान भुगतान की समस्या होने की जानकारी मिली उन्होंने जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना से बात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। किसानों के द्वारा बताई गई भंडारण, उठाव, परिवहन की समस्याओं को कलेक्टर को अवगत कराते हुए उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सात दिनों में किसानों की धान भुगतान समस्या हो जाएगी दूर

सांसद आशीष दुबे ने बताया कि कलेक्टर दीपक सक्सेना किसानों को शीघ्र धान भुगतान करने में प्रयासरत हैं। उन्होंने मुझे जो जानकारी दी है उसमें बताया कि पहले खरीदी अन्य विभाग के पास थी, इस बार खरीदी नागरिक आपूर्ति निगम के पास है। चूंकि धान का भुगतान ई पेमेंट के माध्यम से सीधे किसान के खाते में होता है। उसे विभाग को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने में समय लग गया। लेकिन अब भुगतान पोर्टल तैयार है। हम शीघ्र ही सात दिनों के अंदर किसानों की धान भुगतान संबंधी समस्या का समाधान कर देंगे। जिस क्रम में किसानों से धान खरीदी की गई है उसी अनुसार उन्हें भुगतान शीघ्र कर दिया जाएगा।

# रेलवे के वाहन स्टैण्ड वाले नागरिकों से कर रहे अभद्र व्यवहार, कांग्रेस ने की कार्यवाही की मांग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे स्टेशन के बाहर वाहन स्टैण्ड संचालकों की गुंडागर्दी इन दिनों चरम पर पहुंच गई है। आये दिन किसी से भी मारपीट करना, अभद्रता करना इनके लिये आम बात हो गई है। वाहन स्टैण्ड का अनाप- शनाप पैसा भी लोगों से वसूला जा रहा है। लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि इन वाहन स्टैण्ड संचालकों पर रेलवे प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिसके कारण

इनके हौसले बुलंद हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मतीन अंसारी, यावर चौधरी ने बताया कि गत दिनो रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉम क्रमांक 6 पर वाहन स्टैण्ड संचालक के गुर्गों ने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महामंत्री मुख्तार अली के साथ अभद्रता कर दी। जिसकी शिकायत रेलवे प्रबंधन से भी की गई। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई, कुछ ऑटो चालको ने बताया कि स्टेण्ड संचालक के गुर्गे बड़ी संख्या में मारने पीटने पर उतारू हो जाते

रेलवे का वाहन स्टैण्ड बदमाशों का अड्डा बन चुका है। इसके साथ ही अन्य बदमाश भी यहां बैठने आते हैं और नशाखोरी करते हैं। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना की शिकायत से कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अलीम खान, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक आरिफ मसूद को अवगत कराया है, उन्होंने कहा कि भाजपा शासन काल मे बदमाशो को भाजपा नेताओं व रेलवे का संरक्षण प्राप्त हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## बाँदा-कटनी के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा आगामी महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में बाँदा-कटनी-बाँदा के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जिसका विवरण इस प्रकार है। गाड़ी संख्या 01813 बाँदा-कटनी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक (05 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 05 फरवरी 2025 तक (09 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) बाँदा स्टेशन से रात्रि 19:10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन प्रातः 05:15 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 22 ट्रिप) इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01814 कटनी-बाँदा अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 13 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 तक (05 ट्रिप)), 29 जनवरी 2025 से 06 फरवरी 2025 तक (09 ट्रिप), 12 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) एवं 26 फरवरी 2025 से 01 मार्च 2025 तक (04 ट्रिप) कटनी स्टेशन से सुबह 07:00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 14:50 बजे बाँदा स्टेशन पहुंचेगी।

## रॉझी क्षेत्र में पॉलीथिन का उपयोग एवं गंदगी करते पाए जाने पर दुकानदार के खिलाफ हुई कार्यवाही

# 6 के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 5 हजार रुपये से अधिक का लगाया जुर्माना - निगमायुक्त प्रीति यादव

## निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध लगातार जारी है कार्रवाई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध लगातार सख्ती दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों के द्वारा शहर को गंदा करने का काम किया जा रहा है अथवा सफाई व्यवस्था को प्रभावित किया जा रहा है उनके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव की हिदायत के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने आज भी रॉझी क्षेत्र में सड़क पर कचरा फैकने वालों एवं अमानक प्रकार की पॉलीथिन उपयोग करने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई की गई और 6 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर लगभग 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाकर राशि निगम खजाने में जमा कराई गयी। कार्रवाई के समय मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक श्रीमती प्रियंका यादव, श्रीमती उमा विश्वकर्मा, सुपरवाइजर श्रीनिवास, राजेश चौधरी, फरीद खान आदि उपस्थित रहे।

## आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 18 प्रकरण



जबलपुर। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 24 दिसंबर 2024 को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, शासकीय योजना, संपदा, सीवर, बाजार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 18 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क चाय ,बिस्किट आदि की सेवा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एल्गिन हॉस्पिटल जबलपुर में लाइट ऑफ ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क चाय बिस्किट सेवा का शुभारंभ किया गया। संस्था द्वारा आगे भी यह सेवा दी जाएगी। इसके पीछे संस्था का उद्देश्य है कि आम लोगों को भी गरीब,जरूरतमंद मरीज और उनके परिजनों को ऐसे ही सेवा देकर हौसला और सहानुभूति प्रदान करना है। इस कार्य को सफल बनाने में वरिष्ठ समाज सेवी संजय कुमार सोनी, नितिशा इंगले, जागृति जी, नितिन बर्गमेन, रामेंद्र गंगवार, संतोष कुमार परस्ते, जे. पी. बघेल, एस एस चंदेल, अनंत कुमार, रुपेश कुमार रावत, नीलेश वर्मा ,साकेत बारमाटे, ओ पी मीणा,बृजेश गौतम , अनामिका पटेल, अभयराज असाटी , चेतराम मीणा, , शिवराम मीणा, मुकेश विश्वकर्मा, सुंदर लाल, बृजेश गौतम, रमाकांत गुप्ता, जे पी बघेल, श्रीराज़ , पी विजय कुमार जॉनसन, , पंकज गौतम , गोपाल ठाकुर, अनिरुद्ध गर्ग, बोहित राज , रुपेश रावत, नितिशा इंगले, विवेक तिवारी, तीरथ सिंह उद्दे, डॉ. अरुण गुप्ता, दिनेश काकोडिय, क्षमा ठाकुर, अजय अवस्थी कृष्णा, अमरेश कुमार , मेघ श्याम बकोरिया, नेह मीना पंकज सिक्का, उपेन्द्र सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, विवेक तिवारी, नेहा मीणा, माधव शरण राज, हेमा झा , राज कुमार झा, आनंद सेन आदि का निरंतर सहयोग रहता हैं।

## मदुरई स्पेशल ट्रेन 26 एवं 28 दिसम्बर को निरस्त रहेंगी

जबलपुर । रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद मंडल में काजीपेट-विजयवाड़ा रेलखंड के मोटूमारी जंक्शन स्टेशन पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य करने का निर्णय लिया गया हैं। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली मुदरई-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन भी निरस्त रहेंगी।

प्रारंभिक तिथियों से निरस्त रेलगाड़ियाँ :- 1) गाड़ी संख्या 02122 जबलपुर-मदुरई साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनाँक 26 दिसम्बर 2024 को निरस्त रहेगी। 2) गाड़ी संख्या 02121 मुदरई-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनाँक 28 दिसम्बर 2024 को निरस्त रहेगी।

# चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के सदस्य वृंदावन रवाना




जबलपुर/ चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल का सत्संगी परिवार आज 27 सदस्यों के साथ संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के नेतृत्व में सात दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा के लिए वृंदावन रवाना हुआ जहां रेलवे स्टेशन पर मंडल के डॉ.सुधीर अग्रवाल,देवेंद्र नेमा,के एल दीक्षित,श्याम मनोहर पटेल,शैली नामदेव,रचित दुबे ने सभी को मंगलमयी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

## राजनीतिक रणनीतिकार अतुल मलिकराम को कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी, यूएसए से मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

नई दिल्ली-(आरएनएस) देश के शीर्ष राजनीतिक रणनीतिकारों में से एक अतुल मलिकराम को उनके उल्लेखनीय योगदान और विशेषज्ञता के लिए कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा डॉक्टर ऑफ पॉलिटिकल साइंस - स्पेशलाइजेशन इन पॉलिटिकल स्ट्रैटेजी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। मलिकराम को यह उपाधि उनके विशेष शोध इवोल्यूशन ऑफ पॉलिटिकल पार्टीज- मैनिफेस्टेशन इन हिंदी हार्टलैंड आफ्टर इमरजेंसी के आधार पर दी गई। इस शोध में उन्होंने आपातकाल (1975-77) के बाद हिंदी भाषी क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के बदलते स्वरुप, उनकी विचारधारा और चुनावी रणनीतियों के बदलावों का विश्लेषण किया है। यह सम्मान नई दिल्ली के पांच सितारा जेपी सिद्धार्थ होटल में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। इस मौके पर ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए अतुल मलिकराम ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए न केवल गर्व का विषय है, बल्कि यह मुझे राजनीतिक रणनीति के क्षेत्र में और अधिक समर्पण व नए विचारों के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। मेरी यह उपलब्धि उन सभी सहयोगियों को समर्पित है, जिन्होंने मेरे साथ मिलकर इस यात्रा को संभव बनाया।

# मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन - अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अग्रणी एनबीएफसी एमएफआई, अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज, एक एनजीओ के साथ मिलकर दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच मध्य प्रदेश के 20 स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य पिछड़े वर्ग पर रहने वालो के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच सीमित है।

इस पहल के तहत अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा छिंदवाड़ा, मंडला, अलीराजपुर, अनूपपुर, कटनी, शिवपुरी, रायसेन, झांसी, सिंधी, सीहोर, शहडोल, देवास, झाबुआ, धार, सतना, पन्ना और हरदा जैसे जिलों में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई जांच आदि जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिन व्यक्तियों में सामान्य बीमारियां पाई जाएंगी, उन्हें आवश्यक दवाइयां दी जाएंगी, जबकि विशेष उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों को जिला सरकारी अस्पतालों में भेजा जाएगा।

आगे चलकर, अरोहन 151 स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करेगा, जिसमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में लोगों की जांच की जाएगी। यह पहल सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की शीघ्र पहचान और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने और समुदायों को सशक्त बनाने का प्रयास करेगी।

यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दूर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है कि सबसे दूरस्थ और वंचित समुदाय भी समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच सकें। निवारक देखभाल को प्राथमिकता देकर और शीघ्र निदान को बढ़ावा देकर, यह पहल भारत के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण पर एक स्थायी प्रभाव डालने के लिए तैयार है।.

## एयरटेल ने अक्टूबर 2024 में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक वायरलेस ग्राहक जोड़े- ट्राई डेटा


मुबंई (आरएनएस) भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने अक्टूबर 2024 में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्कल में सबसे अधिक वायरलेस ग्राहक जोड़े। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एयरटेल ने इस क्षेत्र में 214,381 वायरलेस सब्सक्राइबर जोड़े, जिससे इसके कुल सब्सक्राइबर की संख्या 16,408,516 हो गई है।जहां मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्कल में एयरटेल अधिकतम सब्सक्राइबर जोड़ने वाला प्रमुख ऑपरेटर बना, वहीं इसके बाद सरकार द्वारा संचालित बीएसएनएल ने 32,303 सब्सक्राइबर जोड़े। अन्य निजी ऑपरेटरों जैसे वोडाफोन-आइडिया और रिलायंस जियो ने इसी अवधि में क्रमश: 347,436 और 721,481 वायरलेस सब्सक्राइबर गंवाए। पूरे देश में एयरटेल ने अक्टूबर 2024 में सभी टेलीकॉम सर्कल में कुल 19,28,263 वायरलेस सब्सक्राइबर जोड़े। इसके साथ ही, इसके कुल वायरलेस सब्सक्राइबर की संख्या 31 अक्टूबर 2024 तक 385,410,746 हो गई। यह वृद्धि एयरटेल की ग्राहक अधिग्रहण और बाजार विस्तार में निरंतर बढ़त को दर्शाती है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मझौली में दोपहर में राहुल दाहिया उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 14 मझौली ने सूचना दी कि बबलू जैन की लोहा सीमेण्ट की दुकान मे काम करता है आज सुबह लगभग 7 बजे वह घर पर था उसके बड़े पिताजी किशन लाल दाहिया उम्र 58 वर्ष प्रतिदिन की तरह घूमने निकले थे दोपहर लगभग 1 बजे वह तहसील कार्यालय मझौली गया उसे जानकारी मिली कि उसके बड़े पिता जी किशन लाल दाहिया मर्चुरी के पास आम के पेड़ में नायलोन की रस्सी से फासी लगाकर लटके है जिनकी मृत्यु हो चुकी थी।



# बाबा साहेब अम्बेडकर के सम्मान मे कांग्रेस ने निकली पैदल यात्रा






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारा निर्देशित कार्यक्रम को लेकर आज जिला कांग्रेस द्वारा बिलपुरा में एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी द्वारा बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया गया इस पैदल मार्च में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलेश जैन जी वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मति सैनी जी उपस्थित रहे पैदल यात्रा बिलपुरा धोबी घाट से प्रारंभ होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करके अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर पहुंची जहां उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्वारा माल्याप्रण किया गया एवं उसके पश्चात कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मति सैनी जी द्वारा भाषण दिया गया भाषण में कांग्रेस कमेटी के नेता सैनी जी द्वारा भारतीय जनता पार्टी पर आक्रोश व्यक्त किया गया कि भारत देश के संविधान निर्माता श्री बाबा साहब अंबेडकर जी के द्वारा के ऊपर इस तरह की टिप्पणी करना अशोभनियाँ है और उन्होंने कहा कि अगर जल्द भारतीय जनता पार्टी के गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा इस्तीफा नहीं दिया गया और भारत की जनता से माफी नहीं मांगी गई तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे भारत वर्ष में आंदोलन किया जाएगा क्योंकि संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर पर इस प्रकार की टिप्पणी करके अपमानित करना सहन नहीं किया जाएगा आज के इस कार्यक्रम का संचालन सुभाष पटेल एव राकेश चक्रवर्ती द्वारा किया गया, कार्यक्रम का आभार किसान कांग्रेस अद्यक्ष रोहित सैनी द्वारा किया गया आज के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलेश जैन, सम्मति सैनी जी ,राजेश पटेल ,विवेक पटेल, सुभाष पटेल,सतेंद्र गर्ग, मुकेश सोनी, राजेंद्र बलमिक, सूरज रजक,नितेश सोनी, राकेश चक्रवर्ती,मनोज पेहलवां, महेश चौहान, संत सिंह, दीपु मेहर, सुनील सरआठ, मधुपाल सेंगर, अतुल विश्वकर्मा आदि उपस्थिति थे

## सेंट्रल जेल में ठंड से ठिठुर रहे कैदी, आयोग ने संज्ञान लेकर मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर। जिले के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सेंट्रल जेल में कैदी और बंदी कड़ाके की ठंड में अव्यवस्थाओं के बीच सारी रात जेल के भीतर ठिठुर रहे हैं। बैरक एवं खंड में जेल कर्मचारियों की हीलाहवाली के चलते कैदी बगैर पर्याप्त इंतजाम (कंबल) के बैरक में बैठकर रात गुजार रहे हैं। जेल के सभी बैरकों में कंबल को लेकर रोज लड़ाई झगड़े व तनातनी हो रही है। बंदियों को बैरक के भीतर बिछाने और ओढ़ने के लिए जेल प्रशासन सिर्फ 2 से 3 कंबल देता है। ठंड में एक कंबल बिछाने और 2 ओढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, जबकि जेल अधिकारियों ने सभी कैदियों को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में कंबल देने के निर्देश दिए हुए हैं। निर्देश सहित समुचित व्यवस्था होने के बाद भी जेल कर्मचारी कैदियों को कंवल उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्?यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुए,

## बाबा साहब के सम्मान में कांग्रेस द्वारा सम्मान मार्च



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश ओबीसी विभाग द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग टीकाराम कोष्टा ने कहां की विगत दिनों संसद में दलित आदिवासियों गरीब और मध्यम वर्ग के मसीहा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में ओबीसी दलित वर्ग गृहमंत्री द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, बाबा तेरे सम्मान में कांग्रेस जन मैदान में , संविधान की शपथ लेने वाले संविधान निर्माता के खिलाफ संसद में अपमानजनक टिप्पणी करने वाले गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल राष्ट्रपति प्रधानमंत्री बर्खास्त करें। कांग्रेस द्वारा निकाले गये सम्मान मार्च में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी ,पी पी पटेल, राजू तोमर ,उमेश पटेल, अशोक चौधरी ,लखन श्रीवास्तव, प्रमोद मून आदि एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक वर्ग के कांग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे।

## बीएचयू एल्युमिनाई द्वारा मालवीय जयंती पर कार्यक्रम आज मालवीय जी की प्रतिमा होगा अनावरण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय भूतपूर्व छात्रसंघ जबलपुर द्वारा एम पी टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के होटल कल्चुरी रेसीडेंसी में आज 25 दिसंबर को अपराह्न 4 बजे से भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है ।

जबलपुर जिले के एसपी श्री सम्पद कुमार उपाध्याय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे ।अध्यक्षता करेंगे सुप्रसिद्ध भूगर्भशास्त्री डॉ ए.एन.सिंह और ट्रिपल आईटीडीएम के डायरेक्टर डॉ भारतेंदु सिंह , बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक श्री राजीव द्विवेदी एवं व्हीकल फ़ैक्टरी के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार भोला विशिष्ट अतिथि होंगे ।

समारोह में मालवीय जी के जीवन और आदर्शों पर व्याख्यान के साथ साथ मालवीय जी की एक आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा । बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर इस प्रतिमा की स्थापना ट्रिपल आईटीडीएम परिसर में की जाएगी ।

व्हीकल फैक्टरी महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी । उल्लेखनीय है कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ( बीएचयू ) की स्थापना वर्ष 1916 में पंडित मदनमोहन मालवीय ने की थी । जबलपुर सहित पूरी दुनिया के विभिन्न शहरों में बीएचयू एल्युमनाई के सदस्य महामना के जीवन आदर्शों का प्रसार कर रहे हैं ।

बीएचयू एल्युमनाई जबलपुर के अध्यक्ष डॉ ए. एन. एवं सचिव डॉ अजय कुमार गोयल ने जबलपुर शहर में पदस्थ बीएचयू के भूतपूर्व छात्रों से समारोह में उपस्थिति की अपील की है ।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस पर भाजपा करेगी विविध कार्यक्रम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई भाजपा के पितृ पुरुष रहे हैं एक जननेता की छवि हो या एक कवि , उत्कृष्ट वक्ता , पत्रकार और प्रशासक बहुमुखी प्रतिभा के धनी एक असाधारण व्यक्तित्व थे उनकी जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में सुबह 11 बजे भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनके व्यक्तित्व को याद किया जायेगा एवं साथ ही साथ भाजपा जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें याद किया जायेगा।

**पं अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारिक प्रदर्शनी का होगा उद्घाटन**

भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल जबलपुर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन और उनके देश के लिए किए गए कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जायेगा जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेई जी के जीवन से जुड़े अनेक विषयों की जानकारी दी जाएगी। प्राइवेट आईटीआई के डी एप्लीकेशन आदेश पर हाई कोर्ट की रोक मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की अवकाशकालीन पीठ ने सन प्राइवेट आईटीआई बालाघाट एवं एक्सीलेंस आईटीआई भोपाल द्वारा दायर याचका में स्थगन आदेश पारित किया है उपरोक्त आईटीआई की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने न्यायालय में तर्क प्रस्तुत किया कि आवेदक की आईटीआई बस 2012 एवं 2016 से मान्यता प्राप्त है तथा बगैर किसी शिकायत लगातार संचालित है किंतु 31 जुलाई 2024 को भारत सरकार के द्वारा उनकी आईटीआई को इस आधार पर दी एफिलिएटिड कर दिया है की निरीक्षण के दौरान आईटीआई में कमियां पाई गई है अधिवक्ता श्री दिनेश उपाध्याय न्यायालय में बताया कि उक्त आदेश पारित करने के पूर्व आवेदक गण को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया कोई नोटिस जारी नहीं किया गया यहां तक की निरीक्षण में पाई गई खामियों की जानकारी नहीं दी गई तथा जिन खामियों के आधार पर आदेश पारित किया गया है वह इस प्रकार की नहीं है कि जिनको दूर ना किया जा सके किंतु इसके बावजूद आदेश करना नियम विरुद्ध है आवेदक ने पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जहां से स्थगन आदेश प्राप्त हुआ था किंतु बाद में याचिका इस आधार पर खारिज कर दी गई थी की मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार है अतः मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में उसमें सुनवाई करते हुए अवकाश कालीन पीठ के न्यायाधीश संजय द्विवेदी ने आदेश पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी किए तथा चार सप्ताह में जवाब पेश करने की हिदायत दी है

31 दिसम्बर तक फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के दंडात्मक प्रावधानों में दी गयी अस्थायी छूट – निगमायुक्त

## शासन द्वारा प्रदत्त छूट का लाभ लेने स्वामियों और बहुमंजिला भवन संचालकों के पास अब मात्र 7 दिन शेष - निगमायुक्त श्रीमती यादव

जबलपुर। फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट लेने के लिए अब मात्र 7 दिन शेष हैं। 7 दिवस के अंदर फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त न करने वाले सभी भवन स्वामियों, अस्पताल, होटल संचालाकों के साथ अपार्टमेंट संचालकों के विरूद्ध जनहित को ध्यान में रखते हुए कठोर कार्रवाई की जायेगी।

उक्त के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार सभी होटल, अस्पताल, बहुमंजिला इमारतों, एवं अपार्टमेंट संचालकों को बड़ा उपहार प्रदान करते हुए प्रदेश में फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के दंडात्मक प्रावधानों को दिनांक 31 दिसंबर 2024 तक अस्थायी रूप से शिथिल किया गया है। जिसके लिए अब मात्र 7 दिन शेष है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने आगे बताते हुए कहा कि यह मध्यप्रदेश शासन की ओर से शहर के सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को एक प्रकार का तोहफा है। इसका लाभ सभी प्रतिष्ठान स्वामी 31 दिसम्बर तक उठाएँ और फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि इस अवधि के दौरान सभी भवन स्वामी, निर्माणकर्ता और संबंधित संस्थान यह सुनिश्चित करें कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें और नियमों का अनुपालन करें। यह छूट नागरिकों और संस्थाओं को पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से दी गई है, ताकि वे बिना किसी दंडात्मक कार्रवाई के फायर सेफ्टी मानकों का पालन सुनिश्चित कर सकें। इसके पश्चात भी अनुपालन न करने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है, कि विभागीय परिपत्र दिनांक 16 दिसम्बर 2022 की कण्डिका 5 की उप कण्डिका 5.2 के अनुसार कंडिका क्रमांक 5.1 में निर्धारित 02 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी, संचालक द्वारा फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो विलंबित समय हेतु प्रतिदिन रूपये 500/- की दर से दण्ड भवन स्वामी पर लेव्ही किया जायेगा, जो कि एक वर्ष के पश्चात रूपये 1000/- प्रतिदिन की दर से देय होगी। राज्य शासन द्वारा उक्त कंडिका अनुसार दण्ड के अधिरोपण की गणना को दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक शिथिल किया गया

## अधिवक्ता की गरिमा के विरुद्ध आचरण बर्दाश्त नहीं

**अधिवक्ता व युवा समाजसेवी को धारा 151 में जेल भेजने की धमकी की हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ने की कटु भर्त्सना**

जबलपुर, म. प्र. हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रशान्त अवस्थी व अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने संयुक्त ज्ञापन जारी कर लार्डगंज पुनिस थाने के स्टॉफ के द्वारा अधिवक्ता व प्रतिष्ठित युवा समाजसेवी विनीत टेहेनगुरिया को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 में जेल भेजने की धमकी की घोर भर्त्सना करते हुए वक्तव्य दिया कि ऐसा प्रतीत होता है कि लार्डगंज पुलिस थाने की कार्यप्रणाली अभी भी गुलामी युग से बाहर नहीं आ पाई है। धारा 151 अंग्रेजों का गुलाम भारतीयों के % न दलील न वकील की तर्ज पर दमन का साधन था। स्वतंत्र भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 151 के पुलिसिया दुरुपयोग पर अंकुश लगाने अपने फैसले में दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसके घोर उल्लंघन करने लार्डगंज पुलिस तत्पर है जो बर्दाश्त के योग्य नहीं है। अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने कहा कि लार्डगंज पुलिस स्टेशन वर्तमान मेंअपराधियों के संरक्षण का केन्द्र बन गया है। वहीं दूसरी ओर दवाबवश गरीब व्यक्तियों पर अपराध दर्ज करने उन्हें प्रताड़ित किया जा सका है। गत दिवस एक व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार के अंतर्गत अधिवक्ता विनीत टेहेनगुरिया लाडगंज थाने पहुंचे और जानकारी मांगी तो वहां मौजूद ए. एस आई मनोज गोस्वामी ने अधिवक्ता विनीत टेहेनगुरिया को धारा 151 में जेल भेजने की धमकी दे दी। जब टी आई से शिकायत करने की बात रखा तो कहा कि यहां टी आई की नहीं चलती।म. प्र. हाई कोर्ट के बार के उपाध्यक्ष प्रशान्त अवस्थी ने कहा कि अधिवक्ता की गरिमा के विरुध्द आचरण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा

## घर का जलाने की नीयत से आग लगाने वालो की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना घमापुर में रामचरण साकेत उम्र 56 वर्ष निवासी रामहरक का बगीचा छोटे पाठबाबा के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 23-12-24 की रात अपने पत्नी चंद्रवती साकेत को लेकर शीतल छाया हास्पिटल मालवीय चौक के पास इलाज करा रहा था उसका बेटा शशांक दुकान में सो रहा था उसकी दुकान के सामने फर्नीचर की लकड़ियां रखी हुयी थी रात लगभग 1-30 बजे से 2 बजे के बीच मोहल्ले का रज्जन कुचबंधिया एवं सत्यम कुचबंधिया ने शटर मे पेट्रोल डालकर आग लगा दिया जिससे दुकान के सामने रखे फर्नीचर की लकडी एवं शटर के अंदर आग फैल गयी थी और दुकान में रखा सामान भी जल गया था उसका लड़का अंदर से चिल्लाया


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

**निविदा सूचना** ($2^{ND}$Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/ 2024-25/27/ पी.आर.ओ./415 दिनांक 24.12.2024 | External Electrification & Line Extension work at Diff Location Ward No 42 Jabalpur | 03 माह एवं 412188.00/- | 2000.00 एवं 4122.00/- | 15.01.2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,( विद्युतीय ), नगर पालिक निगम जबलपुर**


## पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली पैसेंजर/मेमू ट्रेनें अस्थाई रूप से निरस्त

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज के महाकुम्भ मेले में परिचालनीय सुगमता सुनिश्चित करने हेतु पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली निम्नलिखित पैसेंजर/मेमू यात्री गाड़ियों को अस्थाई रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। प्रारम्भिक तिथियों से निरस्त रेलगाड़ियाँ :- दिनांक 27.12.2024 से 28.02.2025 तक निम्न लिखित गाड़ियाँ निरस्त रहेंगी- 1) गाड़ी संख्या 06603/06604 बीना-कटनी मुडवारा-बीना पैसेंजर स्पेशल मेमू 2) गाड़ी संख्या 06623/06624 कटनी-बरगवां-कटनी मेमू स्पेशल 3) गाड़ी संख्या 11606/11605 भोपाल-बीना मेमू 4) गाड़ी संख्या 06632 बीना-भोपाल पैसेंजर स्पेशल मेमू। दिनांक 28.12.2024 से 01.03.2025 तक निम्न लिखित गाड़ियाँ निरस्त रहेंगी-


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 395/ 2024/2025 दिनांक 23.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वंदना त्रिपाठी, पति- श्री दिनेश त्रिपाठी,** ने भवन क्रं. 890 पिन क्र. 1000502147 , **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री प्रशांत तिवारी, पिता- श्री नरेन्द्र कुमार तिवारी, क्षेत्रफल 1792.5 व.फु., भूतल 1200 व.फु. कच्चा, भूतल 100 व.फु. आर.सी.सी., **चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 394/ 2024/2025 दिनांक 23.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रजनी त्रिपाठी, पति- श्री लोकेश त्रिपाठी** ने भवन क्रं. 890/1 पिन क्र. 1000502147 का भाग , **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री प्रशांत तिवारी, पिता- श्री नरेन्द्र कुमार तिवारी, क्षेत्रफल 1792.5 व.फु., भूतल 1200 व.फु. कच्चा, भूतल 95 व.फु. आर.सी.सी., **चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 393/ 2024/2025 दिनांक 23.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सरला उर्फ सुमन साहू, पति- श्री कैलाश साहू** ने भवन क्रं. खसरा क्रं. 739/1/1/5 पिन क्र. 1004570372 का भाग , **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती सुनीता बावनकर, पति- श्री भगवन्त राव बावनकर, क्षेत्रफल 1160 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 392/ 2024/2025 दिनांक 23.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विपिन कुमार जैन, पिता- श्री राजेन्द्र कुमार जैन** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.- 1048 पिन क्र. 1000491960 , **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती निरूपमा शुक्ला, पति- श्री रमेश कुमार शुक्ला, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 245 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 391/ 2024/2025 दिनांक 23.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विपिन कुमार जैन, पिता- श्री राजेन्द्र कुमार जैन** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.- 1047 पिन क्र. 1000490891 , **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती निरूपमा शुक्ला, पति- श्री रमेश कुमार शुक्ला, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 245 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 390/ 2024/2025 दिनांक 23.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती निहारिका सचिन येलकर, पति- श्री सचिन येलकर** ने फ्लैट नं. 719 पिन क्र. 1000510118 का भाग , **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अजय दुबे, पिता- स्व. श्री के.के.दुबे एवं श्रीमती अंजु दुबे, पति- श्री सुनील दुबे, संतवी मंजिल 1065.42 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 389/ 2024/2025 दिनांक 23.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राम कुमार यादव, पिता- स्व. श्री लोकमन यादव** ने भूखंड क्रं. 03 पिन क्र. 2000409096 , **वार्ड क्र. 05, वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती प्रतिभा एस. वामने, पति- श्री सोमनाथ वामने, क्षेत्रफल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999

भारत सरकार

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

# ₹ 44,600 करोड़ लागत की देश की पहली केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास

तथा

## ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण

## 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन

## माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में स्टाम्प और सिक्का जारी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा

### परियोजनाओं के लाभ

**केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना**

- मध्यप्रदेश के 10 जिले छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर के 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र एवं उत्तरप्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा।परियोजना से कुल 65 लाख परिवारों को मिलेगी पेयजल की सुविधा।
- जल विद्युत परियोजनाओं से हरित ऊर्जा में 130 मेगावॉट का योगदान एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास और रोज़गार को मिलेगा बढ़ावा।
- चंदेल कालीन लगभग 42 पुरातन तालाबों का होगा विकास एवं पुनर्निर्माण।
- दौधन बांध के निर्माण से बाढ़ का बेहतर प्रबंधन होगा संभव।

**ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना**

- 518 मेगावॉट क्षमता की यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग परियोजनाओं में से एक है।
- परियोजना से कृषि एवं उद्योग हेतु उपयोगी भूमि की बचत होगी।
- जल संरक्षण एवं हरित ऊर्जा उत्पादन से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को रोकने में सहयोग मिलेगा।

**अटल ग्राम सुशासन भवन**

- अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा प्रदान करेगा।
- ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक कार्य करने, बैठकों के आयोजन एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

### गरिमामयी उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| **मंगुभाई पटेल** | **डॉ. मोहन यादव** | **सी.आर. पाटिल** |
| राज्यपाल, मध्यप्रदेश | मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश | केंद्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय |

25 दिसम्बर, 2024 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | खजुराहो, जिला छतरपुर

D-11136/24

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2024